संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 14 अक्टूबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 17 अंक: 275 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

**फास्ट न्यूज**

### देश हित की बलि देना कांग्रेस के डीएनए में: सीएम हिमंत

**गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा कभी खुद कांग्रेसी रह चुके हैं, लेकिन भाजपा का दामन थामने के बाद हिमंत कांग्रेस पर हमला करने का कोई मौका नहीं गंवाते। ताजा घटनाक्रम में सीएम हिमंत ने कहा, कांग्रेस को अफगानिस्तान और पाकिस्तान में गठबंधन सरकार बनानी चाहिए। उन्होंने इस्राइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष को लेकर फलस्तीन के समर्थन में प्रस्ताव पारित करने को लेकर हमला बोला।

**फलस्तीन पर बात करने पर नसीहत:** असम के जोरहाट में संवाददाताओं से हिमंत ने कहा, फलस्तीन के बारे में बोलने से पहले कांग्रेस को इस्राइल पर हमास के 'आतंकवादी' हमले की निंदा करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा, "उन्हें महिलाओं और बच्चों को बंधक बनाने के लिए हमास की आलोचना करनी चाहिए थी और फिर फलस्तीन के बारे में बात करनी चाहिए थी।"

### पितृ पक्ष के बाद कांग्रेस जारी करेगी उम्मीदवारों की सूची

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पांच राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर लगातार बैठक कर रही है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीडब्ल्यूसी) की पार्टी मुख्यालय में बैठक हुई। बैठक के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आज बैठक में मध्य प्रदेश विधानसभा की 60 सीटों को लेकर चर्चा हुई है। फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया गया है। आने वाले दिनों में पुन: इस विषय पर सीडब्ल्यूसी की बैठक होगी। कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस पितृ पक्ष के बाद ही उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी करेगी। मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि आज केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक कांग्रेस मुख्यालय दिल्ली में आयोजित की गई। इस दौरान मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव और उम्मीदवारों को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# युद्ध किसी के हित में नहीं: मोदी

= मानवता के सामने जो बड़ी चुनौती है, उसका समाधान बंटी हुई दुनिया नहीं दे सकती: पीएम मोदी

**शांति का आह्वान**

8 संघर्ष की वजह से आज दुनिया संकटों से जूझ रही है। यह किसी के भी हित में नहीं है: पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यशोभूमि अधिवेशन केंद्र में जी20 के सदस्य देशों की संसदों के पीठासीन सभापतियों (पी20) के नौवें सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह समिट एक प्रकार से दुनिया भर की अलग-अलग संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ है। आप सभी प्रतिनिधि अलग-अलग संसदीय कार्यशैली के अनुभवी हैं। आपका इतने समृद्ध लोकतांत्रिक अनुभवों के साथ भारत आना हम सभी के लिए बहुत सुखद है। पीएम मोदी ने इस्राइल में उपजे संकट का नाम लिए बिना कहा कि दुनिया के अलग कोनों में जो कुछ भी घट रहा है, उससे आज कोई भी अछूता नहीं है। संघर्ष की वजह से आज दुनिया संकटों से जूझ रही है। यह किसी के भी हित में नहीं है। मानवता के सामने जो बड़ी चुनौती है, उसका समाधान बंटी हुई दुनिया नहीं दे सकती। यह शांति और भाईचारे का समय है। साथ आगे बढ़ने का समय है। यह सबके विकास और कल्याण का समय है। हमें वैश्विक विश्वास के संकट को दमर करना होगा और मानव केंद्रित सोच पर आगे बढ़ना होगा। हमें विश्व को एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के साथ आगे बढ़ाना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि करीब 20 साल पहले आतंकवादियों ने हमारी संसद को निशाना बनाया था। उस समय संसद का सत्र चल रहा था और आतंकवादियों की मंशा सांसदों को बंदी और उनको खत्म करने की थी। दुनिया को भी एहसास हो रहा है कि आतंकवाद दुनिया के लिए कितनी बड़ी चुनौती है। आतंकवाद जहां भी होता, किसी भी कारण, किसी भी रूप में होता वह मानवता के विरुद्ध होता है। ऐसे में आतंकवाद को लेकर हम सभी को सख्ती बरतनी होगी। आतंकवाद की परिभाषा को लेकर आम सहमति ना बन पाना बहुत दुखद है। आज भी यूएन भी इसका इंतजार कर रहा है। दुनिया के इसी रवैया का फायदा मानवता के दुश्मन उठा रहे हैं। दुनिया भर के प्रतिनिधियों को सोचना होगा की आतंकवाद के खिलाफ हम कैसे काम कर सकते हैं।

### हम लोग आम चुनाव को सबसे बड़ा पर्व मानते हैं: पीएम मोदी

**पीएम** मोदी ने कहा, 'अगले साल भारत में फिर एक बार आम चुनाव होने जा रहा है। मैं पी20 शिखर सम्मेलन में आए आप सभी प्रतिनिधियों को अगले साल होने वाले आम चुनाव को देखने के लिए अग्रिम निमंत्रण देता हूं। भारत को आपकी फिर से मेजबानी करने में बहुत खुशी होगी।

**हम लोग आम चुनाव को सबसे बड़ा पर्व मानते हैं:** उन्होंने कहा कि भारत में हम लोग आम चुनाव को सबसे बड़ा पर्व मानते हैं। 1947 में आजादी मिलने के बाद से अब तक भारत में 17 आम चुनाव और 300 से अधिक विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव ही नहीं कराता, बल्कि इसमें लोगों की भागीदारी भी बढ़ रही है। देशवासियों ने मेरी पार्टी को लगातार दूसरी बार विजयी बनाया है। 2019 का आम चुनाव मनाव इतिहास की सबसे बड़ी मानव कसरत थी। इसमें 60 करोड़ वोटर ने हिस्सा लिया। तब भारत में 91 करोड़ पंजीकृत मतदाता थे, जो पूरे यूरोप की कुल आबादी से अधिक है। यह दिखाता है कि भारत में लोगों का संसदीय प्रक्रियाओं में कितना भरोसा है।

**ओम बिरला ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया:** इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 9वें जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी20) में प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने सम्मेलन (पी20) को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ये अत्यंत गौरव का विषय है कि भारत की अध्यक्षता में जी 20 लीडर समिट में नई दिल्ली डिक्लेरेशन को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

## फलस्तीनियों ने गाजा छोड़ने से किया इनकार



**टीम एक्शन इंडिया/तेल अवीव**
**हमास** के खिलाफ जारी जंग में अमेरिका खुलकर इजरायल के साथ खड़ा है। अमेरिकी रक्षा मंत्री इजरायल पहुंच गए हैं, जहां उन्होंने अपने इजरायली समकक्ष के साथ मुलाकात की। इजरायल ने गाजा पट्टी सीमा पर टैंकों को तैनात कर दिया है। उसने गाजा में रहने वाले लोगों को जल्द से जल्द दूसरी जगह पर जाने का अल्टीमेटम दिया है। हमास ने सात अक्टूबर को इजरायल पर हमला कर दिया, जिसके जवाब में इजरायल ने भी युद्ध का एलान कर दिया। दोनों के बीच जंग जारी है। इस बीच गाजा पट्टी की सीमा पर इजरायल के जवान टैंक के साथ तैनात हैं। इजरायल ने गाजा में रहने वाले लोगों को अल्टीमेटम दे दिया है कि वे जितनी जल्दी हो सके, यहां से कहीं दूसरी जगह चले जाएं। वरना हमले में उनको अपनी जान गंवानी पड़ सकती है। गाजा में फलस्तीनियों ने गाजा छोड़ने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि चाहे कुछ भी हो जाए, हम गाजा में ही रहेंगे। बता दें, इजरायल ने क्षेत्र के उत्तर में फंसे हुए एक मिलियन से अधिक फलस्तीनियों को संभावित जमीनी हमले से पहले दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया था। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, कब्जे वाले वेस्ट बैंक में गाजा के साथ एकजुटता दिखाने के लिए आयोजित रैलियों के दौरान इजरायल की तरफ से की गई गोलीबारी में शुक्रवार को पांच फलस्तीनी मारे गए। न्यूज एजेंसी एएफपी ने यह जानकारी दी।

## महाराष्ट्र में विधायकों की अयोग्यता केस में सुप्रीम कोर्ट नाराज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने जून 2022 में पार्टी से बगावत की थी। इसके बाद शिंदे ने भाजपा के साथ मिलकर राज्य में सरकार बनाई और खुद मुख्यमंत्री बन गए। इसके बाद शिंदे ने शिवसेना पर अपना दावा कर दिया। महाराष्ट्र में विधायकों के अयोग्यता (डिसक्वालिफिकेशन) मामले पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार 13 अक्टूबर को सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में लगातार हो रही देरी पर महाराष्ट्र स्पीकर पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि कोई उन्हें (स्पीकर राहुल नार्वेकर) समझाए कि वे हमारे आदेश का उल्लंघन नहीं कर पाएंगे। कोई भी कार्यवाही महज दिखावा नहीं हो सकती। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस



जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच इस केस की सुनवाई कर रही है। इस मामले में स्पीकर नार्वेकर की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, उद्धव ठाकरे की ओर से एडवोकेट कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी पेश हुए। वहीं, शिंदे गुट की ओर से एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कोर्ट में दलीलें रखीं।

**फटकार**

8 कोई स्पीकर को समझाए कि हमारे आदेश का उल्लंघन नहीं कर सकते: सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़

**प्रक्रिया में देरी से नाराज दिखे चीफ जस्टिस:** चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने नाराजगी जताते हुए कहा, 'अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला अगले विधानसभा चुनाव से पहले आ पाएगा या नहीं, या फिर पूरी प्रोसेस नाकाम हो जाएगी।' महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव अगले साल (2024) में सितंबर-अक्टूबर में होना है।

### 26 हफ्ते की प्रेग्नेंसी; दावा- फरियादी मनोरोगी

**नई दिल्ली:** 26 हफ्ते की प्रेग्नेंसी को मेडिकली अबॉर्ट करने के केस में शुक्रवार 13 अक्टूबर को लगातार 5वें दिन सुनवाई हुई। दलीलें सुनने के बाद चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने निर्देश दिया कि एम्स के डॉक्टर्स का बोर्ड महिला की मानसिक और शारीरिक जांच करके उसकी मनोविकृत्ति का पता लगाए। चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता महिला को दोपहर 2 बजे बोर्ड के सामने पेश होना होगा। इसके बाद बोर्ड रिपोर्ट बनाए कि महिला को दी जा रही डिप्रेशन की दवाओं से भ्रूण को कैसे बचाया जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे होगी। इसी दिन एम्स बोर्ड को यह रिपोर्ट चीफ जस्टिस की बेंच में रखनी होगी।

## '1984 के दंगों को कोई नहीं भूल सकता'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों को न्याय मोदी सरकार आने के बाद ही मिलना शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि दंगों से संबंधित 300 मामलों को फिर से खोला गया और प्रत्येक पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया गया। दरअसल, अमित शाह शुक्रवार को दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के एक कार्यक्रम में हुए। इसी दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित किया।

**'मोदी सरकार ने बनाई एसआईटी':** केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 1984 के दंगों को कोई नहीं भूल सकता। मोदी सरकार के सत्ता में आने तक किसी को भी सजा नहीं मिली थी। कई जांच आयोग भी बने, लेकिन कोई



नतीजा नहीं निकला, लेकिन जब मोदी सरकार सत्ता में आई तो उसने एसआईटी बनाई और 300 मामलों को दोबारा खोला गया।

**'दंगों के दोषियों को भेजा गया जेल':** अमित शाह ने कहा कि दंगों के जो दोषी थे, उन्हें मोदी सरकार ने जेल भेजना शुरू किया है। इसके साथ ही, तीन हजार 328 पीड़ितों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा भी दिया गया।

**साधा निशाना**

8 दंगों के जो दोषी थे, उन्हें मोदी सरकार ने जेल भेजना शुरू किया है: केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री शाह

**'मैं सिख धर्म की गुरु परंपरा को सिर झुकाकर नमन करता हूं':** केंद्रीय गृह मंत्री ने सिख गुरुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा- मैं सिख धर्म की गुरु परंपरा को सिर झुकाकर नमन करता हूं। नौवें गुरु तेगबहादुर का देश के लिए योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। जब धर्म के लिए अपने जीवन का बलिदान देने की बात आती है, एक सच्चा सिख कभी पीछे मुड़कर नहीं देखता।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ संसद भवन में आए हरियाणा के किसानों को सम्मानित करते हुए। इस मौके पर हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल भी मौजूद रहे।

### मणिपुर में फिर हिंसा, हमलावरों की गोलीबारी में तीन घायल

**इंफाल:** मणिपुर में गुरुवार को हमलावरों की फायरिंग में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना पूर्वी इंफाल में कांगपोकपी जिले के सबुंगखोक खुनोउ की है। यहां हथियार से लैस उपद्रवियों ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि घटना सुबह करीब 3 बजे की है। हमलावरों ने मैदान में रखे ईंटों के पीछे छिपकर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। घायलों को इंफाल के राज मेडिसिटी और लिटिल क्लिनिक ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## सांसद संजय सिंह की ज्यूडिशियल कस्टडी 27 अक्टूबर तक बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** शराब नीति केस में आप सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत राउज एवेन्यू कोर्ट ने 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। अब वे 27 अक्टूबर तक ज्यूडिशियल कस्टडी में रहेंगे। जज एम के नागपाल ने शुक्रवार को सिंह से कहा- कोर्ट परिसर में ऐसे मामलों का जिक्र न करें, जो केस से जुड़े न हों। सुनवाई खत्म होते ही संजय सिंह जैसे ही कोर्ट से बाहर आए मीडिया से कहा- मोदी जी इंडिया के नहीं, अडाणी के प्रधानमंत्री हैं। अडाणी के घोटालों की जांच कब होगी। इससे



पहले 10 अक्टूबर को हुई सुनवाई के दौरान भी कोर्ट ने संजय सिंह से मीडिया से बातचीत न करने की नसीहत दी थी। संजय सिंह ने कहा मैंने ईडी से अडाणी के मामले की शिकायत की थी, लेकिन एजेंसी ने कोई कार्रवाई नहीं की। कोर्ट- परिसर में ऐसे मामलों का जिक्र न करें, जो केस से जुड़े न हों। अगर आपको अडाणी और मोदी के बारे में भाषण देना है तो मैं आपकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कराने के लिए कहूंगा। संजय सिंह- ईडी ने हिरासत में पूछताछ के दौरान मुझसे केस से जुड़े सवाल नहीं पूछे। ईडी ने बस ये पूछा कि मैंने मां से पैसे क्यों लिए? पत्नी के खाते में 10 हजार रुपए क्यों भेजे?

**राहत**

8 मोदी इंडिया नहीं अडाणी के पीएम, उनकी जांच कब होगी: संजय, कोर्ट ने मीडिया से बातचीत न करने की नसीहत दी

**सख्ती** सीएम योगी ने दिए सख्त आदेश- कोई भारत के खिलाफ बोले तो तुरंत करें कार्रवाई

## इजरायल-फलिस्तीन विवाद पर यूपी में हाई अलर्ट!

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**इजरायल-फलिस्तीन** विवाद को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार अलर्ट मोड में आ गई है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा होने के बावजूद उत्तर प्रदेश सरकार इस संबंध में बयानबाजी करने वालों पर नजर रख रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किए हैं कि इजरायल-फलिस्तीन विवाद में भारत के पक्ष का विरोध करने अथवा इसके खिलाफ बयान देने वालों पर तुरंत कठोर कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पुलिस अधिकारी इजरायल-फलिस्तीन



विवाद को लेकर भी पूरी सतर्कता बरतें। जिलों में धर्मगुरुओं से तत्काल संवाद करें। इस मामले में भारत सरकार के रुख के विपरीत किसी तरह की गतिविधि स्वीकार नहीं की जाएगी। योगी ने कहा कि इंटरनेट मीडिया अथवा धर्मस्थल, कहीं से भी किसी भी प्रकार का उन्मादी बयान वायरल न हो और किसी स्तर पर भी ऐसा कुत्सित प्रयास होने की दशा में तत्काल कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**दो टूक**

8 इस मामले में भारत सरकार के रुख के विपरीत किसी तरह की गतिविधि स्वीकार नहीं की जाएगी: योगी

**जुमे की नमाज को लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश:** उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने वाले संदेशों की निरंतर कड़ी निगरानी की जाए। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर भी अतिरिक्त सतर्कता बरते जाने के निर्देश दिए।

**'तारीख पर तारीख' की प्रवृत्ति बर्दाश्त नहीं: सीएम** योगी ने कहा कि इसके अलावा, देवरिया में भूमि विवाद में छह लोगों की हत्या के मामले में लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्व वादों के निस्तारण को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाया है।

## जम्मू-कश्मीर में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन: अमेरिका-इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इजराइल** और फिलिस्तीन के बीच जारी जंग के बीच 13 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन हुआ। जुमे की नमाज के बाद बड़गाम में लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान अमेरिका और इजराइल के विरोध में नारेबाजी भी हुई। इससे जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें प्रदर्शनकारियों को इजराइल मुर्दाबाद, नारा-ए-तकबीर... अल्लाह हू अकबर और एक से बढ़कर जलील... अमेरिका-इजराइल जैसे नारे लगाते सुना जा सकता है। प्रदर्शनकारी अपने हाथों



में पोस्टर लिए हैं, जिसमें फिलिस्तीन के समर्थन और इजराइल, अमेरिका के विरोध में स्लोगन लिखे हैं। एक पोस्टर में लिखा है- फिलिस्तीन और गाजा में हमारे बहन और भाइयों की रक्षा करो।

**अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में फिलिस्तीन के समर्थन में रैली हुई थी**

इससे पहले 9 अक्टूबर को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के छात्रों ने फिलिस्तीन के समर्थन में रैली निकाली थी। कैंपस में निकाली गई इस रैली में करीब 400 स्टूडेंट शामिल हुए। इसमें फ्री फिलिस्तीन, नारा-ए-तकबीर...अल्लाह हू अकबर। ला इल्लाह इल अल्लाह जैसे नारे लगाए। पुलिस ने इस मामले में 4 लोगों को नामजद करते हुए एफआईआर दर्ज की है। स्टूडेंट्स ने मांग की- फिलिस्तीन को फ्री किया जाए। वहां जुल्म हो रहे हैं।

# प्रदूषण से जंग में हांफने लगी सुपरसाइट

## प्रदूषण के आंकड़े मिल पा रहे हैं और न ही किसी अधिकारी से इसकी वजह पता चल पा रही है

**हार रहे जंग!**

8 पिछले तीन-चार दिन से इसकी वेबसाइट आर आसमान डॉट कॉम बंद पड़ी है, नहीं पता चल रहे मोबाइल वैन का आंकड़े

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रियल** टाइम सोर्स अपार्शन्मेंट अध्ययन के लिए राउज एवेन्यू में चल रही सुपरसाइट प्रदूषण से जंग में खुद ही हांफने लगी है। पिछले तीन-चार दिन से इसकी वेबसाइट आर आसमान डॉट कॉम बंद पड़ी है। न प्रदूषण के आंकड़े मिल पा रहे हैं और न ही किसी अधिकारी से इसकी वजह पता चल पा रही है। 30 जनवरी से शुरू हुआ था क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन रियल टाइम आधार पर प्रदूषण के स्रोतों की पहचान के लिए राउज एवेन्यू के सर्वोदय बाल विद्यालय में सीएम अरविंद केजरीवाल ने इस सुपरसाइट और मोबाइल एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन की शुरूआत 30 जनवरी को की थी। दावा था कि रियल टाइम सोर्स अपार्शन्मेंट स्टडी से हर घंटे पता चलेगा कि कहां और किस वजह से प्रदूषण है। साथ ही अगले तीन दिन का पूवार्नुमान मिल सकेगा। वाहन, उद्योग और बायोमास बर्निंग की वजह से किसी क्षेत्र में होने वाले प्रदूषण का पता चलेगा और उससे लड़ने में भी मदद मिलेगी। मोबाइल बैन की मदद से हॉट स्पॉट एरिया में प्रदूषण के कारणों का पता लगाकर उसे कम करने की कोशिश होगी। हॉट स्पॉट क्षेत्र में प्रदूषण क्यों ज्यादा है, यह पता चलता रहेगा और फिर उसी स्रोत पर ध्यान देते हुए प्रदूषण कम करने की कोशिश होगी। मोबाइल वैन दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में भेजी जाएगी, जिससे हर कोने में प्रदूषण स्रोतों के बारे में पता चल पाएगा। यह एडवांस मशीन लर्निंग माडल के आधार पर अगले तीन दिनों के लिए पीएम- 2.5 स्तरों का पूवार्नुमान बताएगी।

**नहीं पता चल रहे मोबाइल वैन का आंकड़े:** इसके अलावा यहां डैशबोर्ड और पोर्टल भी रहेगा। यह सारा कार्य डीपीसीसी की देखरेख में किया जा रहा है। समस्या यह है कि मोबाइल वैन के आंकड़ों का पता ही नहीं चल पा रहा तो अब डैशबोर्ड भी बंद पड़ा है। पिछले तीन दिन से पता ही नहीं चल पा रहा कि दिल्ली के प्रदूषण में किस कारक की कितनी हिस्सेदारी है। इस समय जबकि दिल्ली में हवा बिगड़ रही है, डैशबोर्ड का कई दिनों तक खराब पड़े रहना चिंताजनक है।





### डैशबोर्ड पर आकाईव भी नहीं है जिससे कुछ दिन पहले की स्थिति पता चल सके..

**एक** अहम बात यह कि डैशबोर्ड पर आकाईव भी नहीं है जिससे कुछ दिन पहले की स्थिति पता चल सके। हैरत की बात यह है कि इसकी जानकारी अधिकारियों तक को नहीं है। संपर्क करने पर भी किसी से कोई जवाब नहीं मिलता। सुपरसाइट के प्रभारी आइआइटी कानपुर के प्रो. मुकेश शर्मा फोन ही नहीं उठाते, तो डीपीसीसी की वरिष्ठ विज्ञानी नंदिता मोइत्रा खुद को हर समय बैठक में बताती हैं। यहां तक कि डीपीसीसी के सदस्य सचिव डा. के एस जयचंद्रन ने भी मोबाइल पर संदेश भेजने के बावजूद कोई जवाब नहीं दिया कि यह समस्या क्यों आ रही है और कब तक ठीक हो पाएगी।

**खराब श्रेणी में पहुंची हवा की गुणवत्ता:** कई दिनों तक मध्यम दिल्ली की हवा एक बार फिर से खराब श्रेणी में पहुंच गई। बृहस्पतिवार को दिल्ली का एक्यूआइ 200 के पार हो गया। मानसून की वापसी के बाद यह सीजन का तीसरा दिन है, जब वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में रहा। दिल्ली के कई इलाकों का एक्यूआइ 300 के पार यानी बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। मानसून की वापसी के बाद छह और सात अक्टूबर को 200 के पार यानी खराब श्रेणी में पहुंच गया था। इसके बाद हवा की गति बढ़ी और प्रदूषक कणों का बिखराव तेज हो गया। लिहाजा, प्रदूषण की स्थिति से राहत मिली, लेकिन बृहस्पतिवार को एक बार फिर से हवा खराब श्रेणी में पहुंच गई।

# एम्स का सर्वर डाउन, ओपीडी से लेकर जांच के लिए घंटों भटकते रहे मरीज

**परेशानी का सबब**

8 रिपोर्ट जरनेट करने, आने-जाने वाले मरीजों, लैब समेत अस्पताल की सभी सेवाएं मैनुअल मोड पर चलाई गईं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में सर्वर डाउन होने के चलते मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी। ओपीडी से लेकर जांच के लिए आए मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा। ऑनलाइन जांच रिपोर्ट मिलने में भी उन्हें परेशानी हुई। हालांकि, दोपहर 12 बजे के बाद सर्वर की समस्या दूर हो गई। सर्वर डाउन होने के कारण सुबह से ही पर्ची बनाने, रिपोर्ट जरनेट करने, आने-जाने वाले मरीजों, लैब समेत अस्पताल की सभी सेवाएं मैनुअल मोड पर चलाई गईं। ऐसा होने से सामान्य काम के लिए भी मरीजों को घंटों परेशान होना पड़ा। दूसरी ओर, चिकित्सकों को भी मरीजों की रिपोर्ट देखने में परेशानी हुई। जांच के दौरान मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ा। सैंपल के लिए बारकोड सृजित नहीं हो पाया।

**सर्वर और ई-अस्पताल मरम्मत के लिए किया गया बंद:** मरीजों ने बताया कि सुबह पर्ची बनाने की लाइन में दो बार काम रोक दिया गया। कहा गया कि सर्वर शुरू होने के बाद फिर से पर्ची बनाई जाएगी। बाद में मैनुअल ही काम किया गया। इस बारे में एम्स की मीडिया प्रमुख डा. रीमा दादा ने कहा कि एम्स का सर्वर और ई अस्पताल को मरम्मत के लिए बंद किया गया है। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि मरम्मत बहाना है, दरअसल सर्वर में कुछ परेशानी हुई है, एम्स प्रशासन इस पर खुलकर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। एम्स का सर्वर मंगलवार रात से ही डाउन चल रहा है। इससे रोजाना का कामकाज प्रभावित हो रहा है। एम्स में हर रोज 10 से 12 हजार मरीज आते हैं।

**घंटों भटकते रहे मरीज:** पंजीकरण से लेकर जांच ऑनलाइन होती है। उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। पिछले वर्ष नवंबर महीने में एम्स में रैनसमवेयर हमला हुआ था।

# महिपालपुर के बाद अब तिलक नगर में घसीटा गया युवक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** तिलक नगर इलाके में बुधवार देर रात कार चालक ने डिलीवरी ब्वॉय की स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक ने कार को भगाने की कोशिश की। इस दौरान डिलीवरी ब्वॉय की स्कूटी कार में फंस गई और डिलीवरी ब्वॉय स्कूटी समेत 50 मीटर तक घिसटता चला गया। गनीमत ये रही कि स्कूटी अलग होने से वह बाल-बाल बच गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। छानबीन में पता चला कि टक्कर मारने के दौरान कार का नंबर प्लेट मौके पर गिर गई थी। पुलिस नंबर के जरिए आरोपी कार चालक की पहचान का प्रयास कर रही है। घायल डिलीवरी ब्वॉय की पहचान विक्की के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ मोहन गार्डन में रहता है और बिग बास्केट कंपनी में काम करता है। उसके पास इलेक्ट्रिक स्कूटी है। विक्की ने पुलिस को बताया कि बुधवार रात वह शंकर गार्डन विकासपुरी स्थित बिग बास्केट के कार्यालय गया था। जहां से वह अपनी स्कूटी से वापस आ रहा था। एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह गिर गया और उसकी स्कूटी कार में फंस गई। लेकिन कार चालक ने कार नहीं रोकी और उसे भगाता चला गया। वह भी स्कूटी के साथ 50 मीटर तक घिसटता चला गया। 50 मीटर तक घिसटने के बाद स्कूटी किसी तरह कार से अलग हो गई। इसके बाद कार चालक फरार हो गया। पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस उसे पास के अस्पताल ले गई। जहां से उन्हें इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।




**जांच जारी**

8 दिल्ली के तिलक नगर इलाके में बुधवार देर रात कार चालक ने डिलीवरी ब्वॉय की स्कूटी में टक्कर मार दी

# प्लास्टिक का दाना बनाने वाली फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के उद्योग नगर मेट्रो स्टेशन के पास वाले इलाके में शुक्रवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब यहां स्थित एक प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, आग लगते ही इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी गई जिसके बाद दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। मौके पर दमकल के कुल 26 वाहन पहुंचे हैं और आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। अब तक इस मामले में किसी तरह की जनहानि की खबर नहीं है। दमकल विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक आज सुबह करीब 6.01 बजे प्लास्टिक का दाना बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली।



8वें ब्रिक्स इंटरनेशनल कॉम्पटीशन कॉन्फ्रेंस में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते कलाकार।

# एकतरफा प्यार: युवती ने कहासुनी में थप्पड़ मार दिया था



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के लाडो सराय इलाके में एकतरफा प्यार में युवक ने जिस तरह युवती पर खौफनाक हमला किया, उसके बारे में जिसने भी सुना वह हैरान रह गया। बताया जा रहा है कि मनचले युवक ने एक 23 वर्षीय युवती पर एक के बाद एक चाकू से करीब 10 से ज्यादा बार हमला किया। युवक ने वारदात को उस वक्त अंजाम दिया, जब युवती पहले से बुक कैब में जाने के लिए बैठ रही थी। घायल युवती को एम्स ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, कैब चालक ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आरोपित को दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, युवती ने कहासुनी में उसे थप्पड़ मार दिया था। इससे वह भड़क उठा था।

**आरोपी के पास से चाकू बरामद:**
पुलिस ने आरोपित की पहचान गाजियाबाद के दुन्दहेरा के रहने वाले 27 वर्षीय गौरव पाल के रूप में की है। वारदात के समय इस्तेमाल चाकू बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच के मुताबिक, वह गुरुग्राम में निजी कंपनी में नौकरी करता है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।
पीड़िता के मामा ने बताया कि वह स्नातक की छात्रा है और उसका इस वर्ष स्नातक का आखिरी साल है। पढ़ाई के साथ ही वह घर में सहयोग करने के लिए नौकरी की भी तलाश कर रही थी।

# यातायात पुलिस की वर्दी पहनकर बदमाशों ने की 50 लाख की लूट, रेकी के बाद वारदात की आशंका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आईपी** इस्टेट इलाके में यातायात पुलिस की वर्दी पहनकर बदमाशों ने पान मसाला कंपनी के कार सवार कर्मचारियों से 50 लाख रुपये लेकर फरार हो गए।
यातायात पुलिस की वर्दी में सवार दो बदमाशों ने सलीमगढ़ फ्लाई ओवर के पास कार तलाशी के बहाने रुकवाई। फिर दूसरी बाइक से आए दो बदमाश कार की डिग्गी से बैग लेकर फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों के भागने की दिशा में लगे सीसीटीवी कैमरे के जरिए उनकी पहचान करने में जुटी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मोदी नगर गाजियाबाद में रहने वाले सुरेंद्र पाल पान बहार कंपनी में काम करते हैं। कंपनी का कार्यालय मोती नगर में है। सुरेंद्र पाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बुधवार को वह अपने एक सहयोगी कर्मचारी के साथ पेमेंट लेने के लिए चांदनी चौक आए थे। कूंचा घासीराम में उनके कई ग्राहक हैं। सभी से पैसे लेने के बाद वह शाम को हुंडई वेन्यू कार से अपने कार्यालय के लिए रवाना हुए। सीलमपुर फ्लाई ओवर पर यातायात पुलिसकर्मी की वर्दी पहने दो बाइक सवारों ने उनकी कार को रुकवाया। दोनों ने उन्हें कार की तलाशी लेने की बात कही। पीड़ित ने बताया कि एक के पास वायरलेस सेट भी था। इससे उन्हें लगा कि वह पुलिस वाले हैं।
उनलोगों ने कार की डिग्गी खोलने के लिए कहा। जैसे ही उन्होंने डिग्गी खोली। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक आए। उन्होंने कार की डिग्गी में रखे नकदी से भरे बैग को उठाया और बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। पीड़ित कुछ समझ पाते उनकी कार रुकवाने वाले पुलिस की वर्दी पहने बदमाश भी बाइक पर सवार होकर उनके पीछे भाग गए। पीड़ितों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करने के बाद पहचान बदलकर छल करने, तैयारी कर चोरी करने सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।




**जांच पड़ताल**

8 अधिकारी का मानना है कि बदमाशों ने कई दिन से रेकी करने के बाद वारदात को अंजाम दिया है

**रेकी के बाद वारदात को अंजाम देने का शक:** जांच से जुड़े अधिकारी का मानना है कि बदमाशों ने कई दिन से रेकी करने के बाद वारदात को अंजाम दिया है। आशंका है कि बदमाश वारदात को अंजाम देने के दौरान पीड़ितों का कूंचा घासीराम से ही पीछा कर रहे थे। साथ ही यह भी आशंका है कि वारदात में चार से ज्यादा बदमाश शामिल हो सकते हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वारदात के बाद जिले की स्पेशल स्टाफ के साथ साथ पुलिस की कई टीम गठित कर दी गई है। पीड़ित कर्मचारियों से भी पूछताछ कर रही है

# एक माह में शुरू हो जाएगी चांदनी चौक की गांधी मैदान पार्किंग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**चांदनी** चौक में पार्किंग की समस्या के निजात दिलाने के लिए बनाई गई गांधी मैदान पार्किंग अगले एक माह में शुरू हो जाएगी। इसके निर्माण के बाद इसके कंपलीशन सर्टिफिकेट से संबंधी सभी प्रक्रिया को पूरा करने की प्रक्रिया चल रही है। अगले एक सप्ताह में जैसे ही इसके निर्माण पूरे होने के लिए मिलने वाला कंपलीशन सर्टिफिकेट जारी हो जाएगा तब ही इसकी उद्घाटन की तारीख तय करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। निगम सूत्रों के मुताबिक इसके वरिष्ठ अधिकारियों की इस परियोजना पर पूरी नजर हैं। ऐसे में कंपलीशन सर्टिफिकेट जारी होते ही इसका उद्घाटन कराया जाएगा। संभवतः दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और महापौर शैली ओबेराय इस पार्किंग का उद्घाटन करेंगे। वर्ष 2019 में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री और चांदनी चौक से ही सांसद डा. हर्षवर्धन ने तत्कालीन उत्तरी निगम के महापौर आदेश गुप्ता की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में शिलान्यास किया गया था। 2338 वाहनों के लिए इसमें पार्किंग की सुविधा है। इसमें तीन तल बेसमेंट हैं। जबकि आठ तल पर शापिंग कांप्लेक्स हैं। इस पार्किंग को प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप (पीपीपी) माडल के तहत बनाया गया है। इसमें निगम ने एक निजी कंपनी को जगह उपलब्ध कराई हैं। इस कंपनी ने ही पार्किंग कम शापिंग कांप्लेक्स विकसित किया है।

**मिलेगी राहत**

8 अगले एक सप्ताह में जैसे ही इसके निर्माण पूरे होने के लिए मिलने वाला कंपलीशन सर्टिफिकेट जारी हो जाएगा तब ही इसकी उद्घाटन की तारीख तय करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी

# कैब चालक की घसीटकर हत्या का मामला: दोनों आरोपियों को पांच दिन की रिमांड पर भेजा



**रिमांड पर**

= कैब चालक की हत्या करने वाले दोनो आरोपियों को पांच दिन की रिमांड दी है। अब वसंत कुंज थाना आरोपियों से पूछताछ करेगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पटियाला हाउस कोर्ट ने वसंत कुंज नॉर्थ थाना पुलिस को महिपालपुर इलाके में कैब चालक की हत्या करने वाले दोनो आरोपियों को पांच दिन की रिमांड दी है। अब वसंत कुंज थाना पुलिस आरोपियों से मामले को लेकर पूछताछ करेगी। बता दें कि महिपालपुर इलाके में मंगलवार को बदमाश बता दें कि महिपालपुर इलाके में मंगलवार को बदमाश टैक्सी को लूटने के बाद चालक को एक किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गए। इस दौरान चालक के एक हाथ के चिथड़े उड़ गए। सिर का एक हिस्सा और शरीर के पिछले हिस्सा का मांस सड़क पर रगड़ने से पूरी तरह घिस गया। ।
टैक्सी से छूटकर चालक बिजेंदर बीपीआरएनडी के कार्यालय के पास गिरकर सर्विस रोड पर पहुंच गया और उसकी मौत हो गई।
पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। कैब चालक बिजेंदर शाह (43) फरीदाबाद का रहने वाला था।
पुलिस शुरू में सड़क दुर्घटना की कार्रवाई कर रही थी, लेकिन वारदात के दो वीडियो सामने आने पर पुलिस के होश उड़ गए।

**न्यूजक्लिक** विशेष शाखा द्वारा दर्ज यूएपीए मामले में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया

# प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को हाईकोर्ट से राहत नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली उच्च** न्यायालय ने न्यूजक्लिक के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और इसके एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती द्वारा दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा द्वारा दर्ज यूएपीए मामले में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया।

**क्या है न्यूज क्लिक से जुड़ा मामला:** जानकारी के लिए बता दें कि न्यूज क्लिक एक डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म है। जिसके ऊपर विदेशी फंडिंग का मामला दर्ज हुआ है। भारतीय जनता पार्टी ने चीन का साथ देकर भारत में माहौल खराब करने का आरोप लगाया था। स्पेशल सेल से पहले ईडी भी छापेमारी की कार्रवाई कर चुकी है। ईडी ने जानकारी दी थी कि न्यूज क्लिक को विदेशों से लगभग 38 करोड़ रुपये की फंडिंग हुई थी। जिसके बाद भाजपा ने आरोप लगाया था कि साल 2005 से 2014 के बीच कांग्रेस को भी चीन से बहुत सारा पैसा मिला। इतना ही नहीं द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में भी बताया गया था कि न्यूज क्लिक को विदेशी फंडिंग से 38 करोड़ मिले थे। यह पैसा कुछ जर्नलिस्ट में शेयर हुआ था।

**दिल्ली हाईकोर्ट ने किया था नोटिस जारी:** इससे पहले बीती 22 अगस्त को दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की ओर से दायर की गई एक याचिका पर न्यूज क्लिक के सीईओ प्रबीर पुरकायस्थ को नोटिस जारी किया था। जिसमें अपने अंतरिम आदेश को हटाने का निर्देश देने की मांग की गई थी। जिसमें जांच एजेंसी को कोई भी जबरदस्ती न करने के लिए कहा गया था।

**इन धाराओं में हुआ था मामला दर्ज:** इस मीडिया पोर्टल के खिलाफ कार्रवाई होईकोर्ट ने 7 जुलाई 2021 को एक आदेश पारित कर कहा था कि प्रबीर पुरकायस्थ को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। हालांकि, यह भी कहा कि जांच अधिकारी द्वारा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें जांच में सहयोग करना होगा। जस्टिस सौरभ बेनराजी की बेंच ने मामले में पुरकायस्थ से जवाब मांगा था।



**झटका**

8 यह भी कहा कि जांच अधिकारी द्वारा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें जांच में सहयोग करना होगा

# पत्रकार सौम्या की हत्या के मामले में निर्णय सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सौम्या विश्वनाथ हत्या मामले में 30 सितंबर 2008 को वसंत कुंज थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने पूछताछ के आधार पर बलजीत मलिक तथा अन्य आरोपियों को इस मामले में आरोपी बनाया था। दिल्ली पुलिस ने इसके बाद इस मामले में मकोका लगा दिया था। इसके बाद आरोपियों को जमानत नहीं मिली थी। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई छह माह में पूरी करने का आदेश 27 फरवरी 2019 को दिया था। अब इस मामले में 18 अक्तूबर को फैसला आ सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### चंडीगढ़ जिला अदालत ने पीपीएल की लाइसेंसिंग अथॉरिटी को खत्म करने की रेडसन एंटरटेनर्स की बोली को किया खारिज

**करनाल।** एक ऐसी महत्वपूर्ण कानूनी लड़ाई में जिसने म्यूजिक इंडस्टी को सदमे में डाल दिया था, कॉपीराइट हितों की रक्षा करने वाली एक लीडिंग कॉलेक्टिव आगेर्नाईजेशन फोनोग्राफिक परफॉर्मेंस लिमिटेड (पीपीएल) ने चंडीगढ़ स्थित इवेंट मैनेजमेंट कंपनी रेडसन एंटरटेनर्स के खिलाफ एक अहम् मामले में जीत हासिल की है, जिसका प्रतिनिधित्व स्वर्ण कुमार सिंगला कर रहे थे। यह विवाद पीपीएल के कॉपीराइट साउंड रिकॉर्डिंग के उपयोग के लिए लाइसेंस जारी करने के अधिकार पर केंद्रित था। जबकि पीपीएल साउंड रिकॉर्डिंग के व्यापक भंडार का दावा करता है, रेडसन एंटरटेनर्स जैसी कई इकाइयां कथित तौर पर उचित ऑथराइजेशन के बिना पीपीएल के कंटेंट का उपयोग कर रही हैं। इन इकाइयों ने अपने कार्यों के औचित्य के रूप में कॉपीराइट सोसायटी के रूप में पीपीएल की अनरजिस्टर्ड स्टेटस का हवाला दिया है। रेडसन एंटरटेनर्स, लोकल इवेंट मैनेजमेंट इंडस्ट्री है जिसे म्यूजिक को अपनी कॉर्मशियल एक्टिविटी के मुख्य घटक के रूप में शामिल करने के लिए जाना जाता है, जो कि अपनी शिकायतों को चंडीगढ़ डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में ले गई। एक चौंकाने वाली स्वीकारोक्ति में, रेडसन एंटरटेनर्स ने अपने इवेंट्स और प्रोग्राम्स के दौरान पीपीएल की साउंड रिकॉर्डिंग का उपयोग करने की बात स्वीकार की, लेकिन पीपीएल के स्वामित्व वाली कॉपीराइट साउंड रिकॉर्डिंग के उपयोग के लिए शुल्क वसूलने से पीपीएल के खिलाफ इन्जंक्शन की मांग की, यह तर्क देते हुए कि कॉपीराइट सोसायटी के रूप में रजिस्ट्रेशन की कमी के कारण इसे लाइसेंस जारी करने से रोका जाना चाहिए। इसके बाद हुई कानूनी लड़ाई में दोनों पक्षों की ओर से व्यापक बहस हुई। अदालत ने प्रस्तुत तथ्यों पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, स्वर्ण कुमार सिंगला और रेडसन एंटरटेनर्स द्वारा मांगी गई इनजंगशन को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया। एक तीखे मूल्यांकन में, अदालत ने आगे कहा कि स्वर्ण कुमार सिंगला का असली इरादा अदालत से अवैध इन्जंक्शन प्राप्त करके पीपीएल के नेशनवाइड बिजनेस संचालन को बाधित करने का ओडेशियस अटैम्पड प्रतीत होता है। माननीय एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज ने एक निर्णायक फैसले में स्वर्ण कुमार सिंगला के मुकदमे को कॉपीराइट कानून के तहत चलने योग्य नहीं मानते हुए पीपीएल का पक्ष लिया। इस फैसले ने सम्पूर्ण उद्योग जगत में एक शानदार संदेश भेजा, जिसमें अपने सदस्यों के कॉपीराइट हितों की रक्षा के लिए पीपीएल के अधिकार की पुष्टि की गई।

### इस फेस्टिव सीजन में फ्लिपकार्ट दे रहा है अपने स्मार्टफोन को अपग्रेड करने का सुनहरा मौका

**गाजियाबाद ।** भारत में त्योहारी सीजन का मतलब होता है उत्सव। साथ ही हम में से ज्यादातर लोगों के लिए यह अपने गैजेट्स, खासकर स्मार्टफोन्स को अपडेट करने का मौका भी होता है। फ्लिपकार्ट ने विभिन्न पेमेंट ऑप्शन, सेलर्स की ओर से मिलने वाली शानदार डील्स और बेहतरीन शॉपिंग एक्सपीरियंस के साथ डिवाइसेज का व्यापक पोर्टफोलियो प्रदर्शित करते हुए स्मार्टफोन को लेकर ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए कई कदम उठाए हैं। लाखों भारतीय ग्राहकों, एमएसएमई, कारीगरों, ब्रांड्स के एक बड़े इकोसिस्टम को वैल्यू एवं कन्वीनियंस (मूल्य एवं सहूलियत) देते हुए फ्लिपकार्ट के 'बिग बिलियन डेज' ने इस त्योहारी उत्साह को नई ऊंचाई दी है। फ्लिपकार्ट अपने सेलर्स की ओर से कई डील्स एवं बैंक ऑफर्स, सभी फोन पर नो-कॉस्ट ईएमआई और एक्सचेंज ऑफर्स के साथ प्रीमियम स्मार्टफोन्स को किफायती एवं सभी की पहुंच में ला रहा है। मोटोरोला एज 40 सीरीज, वीवो टी2 प्रो, रियलमी 11 प्रो सीरीज 5जी और रेडमी नोट 12 प्रो जैसे विभिन्न मॉडल्स के साथ कर्व्ड स्क्रीन, ओआईएस और फास्ट चार्जिंग जैसी नवीनतम स्मार्टफोन टेक्नोलॉजी अब ज्यादा किफायती हो गई हैं।

### शारदा हॉस्पिटल ने विश्व रोगी सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये

**ग्रेटर नोएडा।** मरीजों की देखभाल और सुरक्षा के प्रति अपने अटूट समर्पण के लिए प्रसिद्ध स्वास्थ्य सेवा संस्था, शारदा हॉस्पिटल द्वारा विश्व रोगी सुरक्षा सप्ताह के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। मरीजों को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शारदा हॉस्पिटल ने 15 से 25 सितंबर तक चले, इस सफलतापूर्ण अभियान का आयोजन किया। इस वर्ष ी थीम पर विश्व रोगी सुरक्षा दिवस 2023 मनाया गया, जिनके मुख्य उदेश्यों में प्रथम उद्देश्य वैश्विक जागरूकता बढ़ाना,- स्वास्थ्य सेवा के सभी स्तरों पर रोगियों, उनके परिवारों और देखभाल करने वालों की सक्रिय भागीदारी के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है ।हितधारकों को शामिल करना - इसके अतिरिक्त विश्व रोगी सुरक्षा दिवस नीति-निमार्ताओं, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों, स्वास्थ्य और देखभाल कार्यकताओं, स्वास्थ्य संगठनों, नागरिक समाज और अधिक सहित विभिन्न हितधारकों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करके स्वास्थ्य सेवा स्पेक्ट्रम में रोगी सुरक्षा नीतियों और प्रथाओं में सुधार करना है।

# कड़ी पुलिस सुरक्षा में हुआ जतिन्द्र के शव का पोस्टमार्टम

## युवती से विवाद के बाद युवकों ने चाकूओं से कर दी थी हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**
**गत** दिवस अम्बाला शहर के बस स्टैंड पर हुई हत्या के बाद आज भारी पुलिस बल की सुरक्षा में नदी मोहल्ला के जतिंद्र के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। इस दौरान भारी संख्या में मृतक के परिजन भी पहुंचे हुए थे तो वही दूसरी ओर पुलिस बल भी मौजूद रहा। शव के पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।



इस दौरान जजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक ललाना भी मौके पर पहुंचे और मृतक के भाई मनीष व अन्य परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे। विवेक ललाना ने कहा कि आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होनें जीएम रोडवेज पर आरोप लगाते हुए कहा कि बस स्टैंड पर कोई भी सीसीटीवी कैमरे काम नहीं कर रहा है जिसके कारण वारदात कैमरे में कैद नहीं हो सकी।
ऐसे में रोडवेज विभाग के ऊपर भी उचित कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होनें एएसपी दीपक से गुहार लगाई है कि इस बारे में रोडवेज विभाग पर भी कार्रवाई की जाए।
वहीं परिजनों से बातचीत करते हुए एएसपी दीपक कुमार ने कहा कि पुलिस प्रशासन आरोपियों की तलाश में जुटा हुआ है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होनें कहा कि जो भी मामले में संलिप्त है उन पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि गत दिवस देर सांय को अम्बाला शहर बस स्टैंड के पास नदी मोहल्ला का जतिंद्र का एक युवती से विवाद हो गया था जिसके बाद युंवती के करीबियों ने युवक पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस दौरान एक आरोपी युवक ने उसके गले पर चाकू मार दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा।

## हत्या की वारदात में शामिल एक आरोपी गिरफ्तार

**खरखौदा/सोनीपत/ सोमपाल सैनी**
**बीते दिनों** खरखौदा सोनीपत रोड पर 8 नंबर ड्रेन के पास एक नाम पता नामालूम व्यक्ति का अधजली अवस्था मे शव खरखौदा पुलिस को मिला था। किसान राजपाल की शिकायत पर खरखौदा पुलिस ने मामला दर्ज किया। और अधजली अवस्था मे मिले शव को सोनीपत के सामान्य अस्पताल में शिनाख्त के लिए भिजवाया गया। जिसके बाद उस शव की शिनाख्त रविन्द्र पुत्र सुमेर वासी पंजाब खोड़ दिल्ली के रूप में की। जो कि एक ड्राइवर था। उसी मामले में खरखौदा पुलिस ने 1 आरोपी गिरफ्तार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी परमजीत निवासी थाना कला है। मिली जानकारी के अनुसार रविन्द्र

**शिकंजा**
**8 किसान राजपाल की शिकायत पर खरखौदा पुलिस ने मामला दर्ज किया, जांच शुरू की थी**

दिनांक 7/8 की रात को परजीत पुत्र सुमेर वासी थाना कला अपने अन्य साथियों के साथ गाड़ी नम्बर ऊछ11उउ -5149 टाटा एल्ट्रोज जो परजीत की है में गए थे और शराब पी थी। गिरफ्तार आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। ताकि मुकदमा में गहनता से पूछताछ जा सके और अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जा सके।

## कपड़ा मार्किट दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला**
शहर की कपड़ा मार्केट में देर रात मैचिंग सेंटर दुकान में आग लगने से लगभग 20 लाख रूपए का कपड़ा जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार दुकान संचालक नीरज अरोड़ा ने बताया कि उनकी अरोड़ा ट्रेडिंग नाम से कपड़ा मार्केट में दुकान है। गत रात्रि वह दुकान को बंद कर घर चले गए थे। जिसके बाद रात को करीब 9.30 बजे चौकीदार द्वारा उसे पता चला की उनकी दुकान में आग लग गई है। जिसके बाद उन्होनें तुंरत फायर विभाग को फोन किया और दुकान पर पहुंचे। जिसके बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। इस दौरान आस पास के दुकानदार भी मौके पर पहुंचे और सामान को दुकान से बाहर निकलाने में जुट गए लेकिन आग के कारण सारा कपड़ा खराब हो गया। शुरूआती जांच में पाया गया है कि आग शार्ट सर्किट के कारण लगी है। वहीं मौक पर पहुंचे एसो के प्रधान ने बताया कि अतिक्रमण के कारण फायर बिग्रेड की गाड़ियों को परेशानी होती है। जिस कारण समय पर आग पर काबू नहीं पाया जा सका।



## बच्चों को यातायात के नियमों के प्रति किया जागरूक

**पानीपत, कमाल हुसैन**
**पुलिस विभाग** द्वारा स्कूली बच्चों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए महाराणा प्रताप हाई स्कूल ददलाना में सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया । जिसमें तीनों स्तर की प्रतियोगिता में 202 बच्चों ने भाग लिया ।
मुख्याध्यापक बृजमोहन शर्मा ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा शुक्रवार को बच्चों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया । जिसमें स्कूली स्तर पर तीन लेवल की परीक्षा आयोजित की गई । प्रथम लेवल में कक्षा 3 से 5 , द्वितीय लेवल में कक्षा 6 से 8 और तृतीय लेवल में कक्षा 9 से 12 तक प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## आईटीआई में विधायक असीम ने सौंपे छात्रों को सर्टिफिकेट

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र अम्बाला शहर में वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर विधायक ने विभिन्न ट्रेडों में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट भी वितरित किए। विधायक ने इस मौके पर वार्षिक दीक्षांत समारोह के आयोजन पर सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथण्साथ अन्य सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जीवन में आगे बढने के लिए अपना आशीर्वाद दिया।



उन्होने कहा कि हर माण्बाप का सपना होता है कि उसका बेटा जीवन में उंचाईयों को छूए जो भी लक्ष्य उसने निर्धारित किया है उसमें उसे सफलता हासिल हो। आपके माताण्पिता ध्गुरूओं का जो स्वप्र है वो आपसे जुड़ा हुआ है इसलिए जिस फिल्ड में यानि ट्रेड में आपने कौशल प्राप्त किया है उसमें आप सफलता हासिल करें।
यही आपके माताण्पिता और गुरूओं के लिए खुशी की बात होगी। उन्होंने यह भी कहा कि जीवन में तरक्की करते हुए समाज के प्रति माताण्पिता के प्रति जो आपकी जिम्मेवारी है उसे भी आपने साथ लेकर चलना है। इस मौके पर विधायक ने विभिन्न ट्रेडों के तहत जिनमें इलैक्ट्रोनिक्स, इलैक्ट्रीकल, कोपा, वेल्डर, पेंटर, मशिनिष्ट के साथण्साथ अन्य ट्रेडों के विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट वितरित करने का काम किया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की उम्दा प्रस्तुति रही।

# खरखौदा केएमपी पर खड़ी पिकअप गाड़ी को कैंटर ने मारी टक्कर, 5 की मौत, 25 घायल

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**शुक्रवार की सुबह** खरखौदा के केएमपी पर सडक हादसे में 5 लोगों की जान चली गई और दो दर्जन के करीब लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। आपको बता दे कि ये हादसा केएमपी पर खडे पिकअप को पीछे से आ रहे कैंटर ने टक्कर मार दी। जिससे ये हादसा हुआ है। हादसे में पिकअप में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिससे चारो तरफ चीख पुकार मच गई। आज हादसे में 5 लोगों की मौत हुई है। जिनका सोनीपत के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।



मुर्तजा अली नगर गांव उत्तर प्रदेश से वीरवार की शाम समय करीब 8 बजे एक पिकअप में सवार होकर लेबर झज्जर के गांव रईया में धान काटने के लिए आ रही थी।
केएमपी पर शुक्रवार की सुबह करीब 6 बजे लेबर ने पिकअप को रुकवाया। इसी बीच पीछे से आ रहे कैंटर ने पिकअप को टक्कर मार दी। जिससे पिकअप गाड़ी सड़क से संतर मे जा गिरी और उसमें सवार लोग बुरी तरह से घायल हो गए। धायलों में से 5 लोगों ने दम तोड दिया है। सड़क हादसे में जिन लोगो की जान गई है उनमें रईया गांव का विजय जोकि ड्राइवर था। ब्रिजेश अकौरा, भानू मुर्तजा अली नगर, सर्वेश पतजिया, उत्तर प्रदेश और परमेश्वर अकौरा का रहने वाला था। इसके अलावा इसी हादसे में करीब 25 लोग घायल हैं जिसमें से 21 लोगों को सीएचसी फिरोजपुर बांगर में प्राथमिक इलाज देकर पीजीआइ रोहतक में रेफर किया गया है। वही खरखौदा पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

## रिलायंस ज्वेल्स ने लॉन्च किया बेमिसाल स्वर्ण बंगा ज्वेलरी कलेक्शन

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, रिलायंस ज्वेल्स ने अपने शानदार ज्वेलरी कलेक्शन, 'स्वर्ण बंगा' को लॉन्च किया है, जो बंगाल की काव्यात्मक खूबसूरती और कलात्मक विरासत से प्रेरित है। रिलायंस ज्वेल्स द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों से प्रेरणा लेकर वहाँ की थीम पर आधारित ज्वेलरी कलेक्शन की पेशकश की जाती है और 'स्वर्ण बंगा कलेक्शन' इस श्रृंखला में 8वां है। यह कलेक्शन इस क्षेत्र के टेराकोटा मंदिरों की बारीकियों, शांति निकेतन की शांति और दुर्गा पूजो के उत्साह को प्रदर्शित करता है। सितारों से सजी रंगारंग शाम के शानदार अवसर पर, बॉलीवुड स्टार करिश्मा कपूर ने स्वर्ण बंगा को लॉन्च किया। उन्होंने इस कलेक्शन से पर्दा हटाया और शोस्टॉपर के रूप में रैंप पर वॉक किया। लॉन्च के बारे में बात करते हुए, रिलायंस ज्वेल्स के सीईओ, सुनील नायक ने कहा, बंगाल को अपनी जीवंत कलात्मक विरासत के लिए जाना जाता है, और भारत की कला व शिल्प के इतिहास में इसका स्थान बेहद खास है। यह भारत के अलग-अलग हिस्सों से प्रेरणा लेकर तैयार किए जाने वाले ज्वेलरी कलेक्शन की सीरीज में 8वां है, जो इस बात की मिसाल है कि हम अपने देश की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करने के वादे पर पूरी तरह अटल हैं। सदाबहार डिजाइन, जटिल कारीगरी, और बेमिसाल खूबसूरती के साथ तैयार किया गया स्वर्ण बंगा कलेक्शन यकीनन आने वाले कई सालों तक हमारे ग्राहकों को बेहद पसंद आएगा। रिलायंस ज्वेल्स ने बीते कुछ सालों में अपने हर कलेक्शन के जरिये अपने मूल्यवान ग्राहकों को एक सांस्कृतिक सफर पर ले जाने की कोशिश की है।

## वाहक ने दिल्ली सेंटर के उद्घाटन के साथ रोड लॉजिस्टिक्स को डिजिटलाइज करने के लिए एआईएमटीसी के साथ किया करार

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे भरोसेमंद ट्रांसपोर्ट कम्युनिटी प्लैटफॉर्म वाहक ने आज संजय गाँधी ट्रांसपोर्ट नगर (एशिया के सबसे बड़े ट्रांसपोर्ट हब) में अपने दिल्ली सेंटर का उद्घाटन किया। इस खास मौके पर ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के साथ भारत के रोड लॉजिस्टिक्स को डिजिटलाइज करने के लिए किए गए एमओयू की औपचारिक घोषणा भी की गई।
वाहक के दिल्ली सेंटर का उद्घाटन भारतीय रोड लॉजिस्टिक्स इंडस्ट्री में सकारात्मक बदलाव लाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। दिल्ली के हृदय में बसे संजय गाँधी ट्रांसपोर्ट नगर (जो कि एशिया का सबसे बड़ा ट्रांसपोर्ट हब है) में नया सेंटर खोलना ट्रांसपोर्टेशन इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुरूप इनोवेटिव सॉल्यूशन्स प्रदान करने के लिए वाहक की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस नए सेंटर के उद्घाटन के साथ ही वाहक ने ट्रांसपोर्ट जगत में बीते 86 वर्षों से काम कर रही सबसे बड़ी संस्था एआईएमटीसी के साथ हुए करार के औपचारिकरण को भी पूरा कर लिया है।

## सिविल सर्विसः मुद्रा का लगा बधाई देने वालों का तांता

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जीवन नगर** वासी मुद्रा रहेजा का हरियाणा सिविल सर्विस में छठा रैंक आने पर बधाई देने वालों का ताँता लगा हुआ है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने पार्षद इंदु वलेचा के साथ मुद्रा रहेजा का बुके देकर स्वागत किया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।
कविता जैन ने पिता राजेश रहेजा तथा माता ममता रहेजा को भी बधाई देते हुए कहा कि बेटियाँ आगे बढ़ती हैं तो सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है, उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र की बेटियाँ सफलता हासिल करती हैं तो आसपास के युवक - युवतियों को भी प्रेरणा मिलती है।



राजीव जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जब बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ का नारा दिया तो उस समय यह अभियान अजीब लगा था परन्तु अब बेटियाँ गर्भ में मारे जाने की बजाये हर क्षेत्र में अपार सफलता हासिल कर रही हैं तो लगता है कि प्रधानमंत्री की दूरगामी सोच आने वाले समय को भांप लेती है। उन्होंने मुद्रा रहेजा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इसी तरह आगे बढ़कर नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया।
इस अवसर पर संजीव वलेचा, सोहनलाल, सैन्य तनेजा, सरल दीपक सैनी आदि पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे।

# यूपी के व्यापारी के साथ 30 लाख रुपए की धोखाधड़ी

## सोनीपत, पानीपत, जींद के चार आरोपियों पर केस दर्ज, यूपी पुलिस ने तीनों जिला की पुलिस को केस दर्ज किए जाने की लिखित सूचना दी, आरोपियों को यूपी पुलिस ने नोटिस जारी कर जांच में शामिल होने के निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**उत्तर प्रदेश** के मुजफ्फरनगर जिला के गांव कुटबा निवासी विपिन कुमार के साथ सुनील कुमार पुत्र रामधारी निवासी खेडी रोड, गांधी नगर, गन्नौर जिला सोनीपत, सगे भाइयों सुनील व वींरेंद्र पुत्र सतबीर निवासी गांव आसन जिला जींद, सोहन पुत्र राजेंद्र निवासी गांव उरलाना खुर्द जिला पानीपत ने जमीन की खरीद फिरोख्त में 30 लाख रुपए हडप लिए। वहीं चारों आरोपी आपस में रिश्तेदार है। वहीं विपिन की शिकायत पर मुजफ्फरनगर के थाना कोतवाली नगर ने नगदी हडपने व धोखाधडी करने के आरोप में हरियाणा के सोनीपत, जींद व पानीपत निवासियों सुनील, सोहन वींरेंद्र व सुनील के खिलाफ आईपीसी की धारा 406 व 420 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
**यह है मामलाः** थाना कोतवाली नगर पुलिस को दी शिकायत में विपिन ने बताया कि उनका मुजफ्फरनगर शहर में गौशाला रोड पर आर्केड फॉर्म है। वर्ष 2022के सितंबर माह में उन्होंने सुनील कुमार पुत्र रामधारी निवासी खेडी रोड, गांधी नगर, गन्नौर जिला सोनीपत, सगे भाइयों सुनील व वींरेंद्र पुत्र सतबीर निवासी गांव आसन जिला जींद, सोहन पुत्र राजेंद्र निवासी गांव उरलाना खुर्द जिला पानीपत से मुजफ्फनगर नगर के गांव रियावली नंगला स्थित उनकी भूमि की खरीद के लिए 1.56 करोड में सौदा हुआ था। वहीं गांव रियावली नंगला स्थित भूमि आरोपी सुनील कुमार के रिश्तेदारों सुनील, वींरेंद्र व सोहन के नाम है। जबकि इकरानामा के अनुसार उन्होंने तीस लाख रुपए का भुगतान आरोपियों को कर दिया था। विपिन का आरोप है कि चोरों आरोपियों ने साजिशन जहां उनसे भूमि की बिक्री का झांसा देकर 30 लाख रुपए ठगे, वहीं भूमि को अन्य किसी को बेच दिया।
**यूपी पुलिस ने आरोपियों को नोटिस जारी किएः** तीस लाख रुपए की नगदी हडपने व धोखाधडी करने के केस की जांच कर रहे मुजफ्फनगर की कोतवाली नगर में नियुक्त सब इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि विपिन कुमार से भूमि की बेचने का झांसा देकर 30 लाख रुपए की नगदी हडपने व धोखाधडी करने के आरोपियों के संबंध में चारों आरोपियों सुनील कुमार, सोहन, वींरेंद्र व सुनील को नोटिस जारी कर धोखाधडी व नगदी हडपने के इस केस की जांच में शामिल होने के निर्देश दिए गए है। वहीं, आरोपियों व शिकायकर्ता को आमने सामने बैठा कर 30 लाख रुपए हडपने के मामले की जांच की जाएगी, पुलिस की जांच में जो भी आरोपी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## बैंक अधिकारियों व ज्वैलर्स की बैठक लेकर सुरक्षा के आवश्यक दिशा निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**पुलिस अधीक्षक** अजीत सिंह शेखावत के निदेर्शानुसार जिला में बैंकों व ज्वैलर्स शॉप की सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने बारे उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय धर्मबीर खर्ब की अध्यक्षता में जिले के सभी बैंकों के मैनेजर व ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रधान व दुकादारों की एक बैठक का आयोजन जिला सचिवालय के तृतीय तल पर स्थित पुलिस विभाग के सभागार में किया गया। बैंक, एटीएम परिसर, कैश वैन व ज्वैलर्स शॉप पर किये गए सुरक्षा के इंतजामों की समीक्षा करते हुए बैठक में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय धर्मबीर खर्ब ने सभी बैंक प्रबंधकों, ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रधान व दुकादारों से रूबरू होते हुए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने का आहवान किया। उन्होंने कहा की पुलिस विभाग के महत्वपूर्ण नंबरों की सूची एटीएम व बैंक में लगवाए। बैंक व ज्वैलर्स शॉप के अंदर व बाहर हाई रेज्यूलेश के कैमरे लगे हो व इसमें ज्यादा से ज्यादा दिनों की रिकार्डिंग सेव रहे। जिससे फुटेज साफ आ सके ताकि गड़बड़ी करने वाले आरोपी को पकड़ा जा सकें।



## संपादकीय

# राष्ट्र की उन्नति में शिक्षा, भाषा की भूमिका

**यह** सर्वविदित है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैं' संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया है' वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है' यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है' जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी' मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है' शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है' शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है' शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं' शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है' वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है' पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है' यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है' शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है' हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है' दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है ' राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं।

# कौशल विशेषज्ञता से बेरोजगारी दूर होगी

**किशन भावनानीं**

> "भारत को इसका बहुत बड़ा फायदा है, उन्होंने जोर देकर कहा कि दुनिया अपने कुशल युवाओं के लिए भारत की ओर देख रही है। उन्होंने बताया कि ग्लोबल स्किल मैपिंग को लेकर भारत के प्रस्ताव को हाल ही में जी20 शिखर सम्मेलन में स्वीकार कर लिया गया, जिससे आने वाले समय में युवाओं के लिए बेहतर अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। पीएम ने किसी भी अवसर को बर्बाद न करने का सुझाव दिया और आश्वासन दिया कि सरकार इस उद्देश्य का समर्थन करने के लिए तैयार है। उन्होंने पिछली सरकारों में कौशल विकास के प्रति उपेक्षा की ओर इशारा करते हुए कहा, हमारी सरकार ने कौशल के महत्व को समझा और इसके लिए एक अलग मंत्रालय बनाया और एक अलग बजट आवंटित किया"

**वैश्विक** स्तरपर आज दुनियां कोविड महामारी से लेकर वर्तमान हमास-इसराइल के बीच भयंकर युद्ध तक की चुनौतियों से घिरा हुआ है, जिसमें आर्थिक चुनौतियां, जलवायु परिवर्तन, भू-राजनीतिक अविश्वास, बढ़ती गुटबाजी, विस्तारवाद,आतंकवाद से लेकर संवेदनशीलता तक की चुनौतियों से निपटने में अधिक वक्त निकलता जा रहा है जो समय के साथ-साथ अपनी जटिलताओं से जकड़ते जा रहा है, कहीं अपना वीटो पावर तो कहीं विस्तारवाद कहीं आतंकवाद तो कहीं ज्वेलेसी की विशालता घर करते जा रही है। ऐसी सब चुनौतियों से घिरी दुनिया में अगर हम भारत को देखें तो उसकी आवाज बुलंद होती जा रही है, जिसका अंदेशा इसी से लगाया जा सकता है कि लगभग सारे पश्चिमी देशों का सकारात्मक संज्ञान लेकर भारत की ओर रुझान, भारत की ओर होते जा रहा है, तो वहीं रुस उसके अनेक समर्थन वाले देश भी भारत को पसंद करते हैं जिसका मूल कारण यह है कि भारत स्पेस प्रौद्योगिकी इलेक्ट्रॉनिक परिवहन स्वास्थ्य शिक्षा जैसे अनेक क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विदेश नीति सटीक है। चूंकि बात शिक्षा पर निकली है तो आज दिनांक 12 अक्टूबर 2023 को देश भर के सभी कौशल विकास संस्थाओं ने संयुक्त दीक्षांत समारोह का आयोजन नई दिल्ली में किया था जो सराहनीय कार्य था। इस सामूहिक प्रयास से चार चांद और लग गए जब माननीय पीएम ने इस दीक्षांत समारोह को वर्चुअल संबोधित किया, कौशलता विकास पूरा कर उसकी डिग्री लेने वाले छात्रों के प्रोत्साहन का ठिकाना नहीं रहा जो खुशी जोश जज्बे से लबालब होकर झूम उठे। चूंकि कौशलता विकास को प्राप्त करने मजबूत युवा शक्ति आगे आ रही है, जिससे देश केसंसाधनों से न्याय होता है। देश रोजगार लेने वाला नहीं बल्कि देने वाला बन रहा है, इसलिए उद्योग अनुसंधान और कौशल विकास संस्थाओं के लिए वर्तमान समय के अनुसार सामंजस्य स्थापित करना महत्वपूर्ण है। इसलिए आज हम पीआईबी में उपलबध्य जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, कौशलता विकास युवाओं




को रोजगार देने वाला बनाने के दूरगामी परिणामों से भारत तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बननें वाला देश शीघ्र बनेगा।

साथियों बात अगर हम दिनांक 12 अक्टूबर 2023 को माननीय पीएम द्वारा संयुक्त कौशलता विकास दीक्षांत समारोह को संबोधन करने की करें तो उन्होंने कहा भारत में कौशल विकास का दायरा लगातार बढ़ रहा है। हम केवल मैकेनिकों, इंजीनियरों, प्रौद्योगिकी या किसी अन्य सेवा तक सीमित नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने उल्लेख किया था कि महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रौद्योगिकी के लिए तैयार किया जा रहा है।

रोजमर्रा के जीवन में विश्वकमाओं के महत्व पर जोर देते हुए, पीएम विश्वकर्मा योजना का उल्लेख किया जो विश्वकमाओं को अपने पारंपरिक कौशल को आधुनिक तकनीक और उपकरणों के साथ जोड़ने में सक्षम बनाता है। स्किलिंग, अपस्किलिंग और री-स्किलिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने नौकरियों की तेजी से बदलती मांगों और प्रकृति पर ध्यान दिया तथा तदनुसार कौशल को उन्नत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसलिए उद्योग, अनुसंधान और कौशल विकास संस्थानों के लिए वर्तमान समय के अनुरूप सामंजस्य होना बहुत महत्वपूर्ण है। कौशल पर बेहतर ध्यान देने का जिक्र करते हुए, ए पिछले वर्षों में देश में लगभग 5 हजार नए आईटीआई स्थापित किए गए हैं, जिसमें 4 लाख से अधिक नई आईटीआई सीटें शामिल हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों के साथ कुशल और उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से संस्थानों को मॉडल आईटीआई के रूप में उन्नत किया जा रहा है।भारत में कौशल विकास का दायरा लगातार बढ़ रहा है। हम केवल मैकेनिकों, इंजीनियरों, अन्य सेवा तक सीमित नहीं है। पीएम ने कहा क्योंकि उन्होंने उल्लेख किया था कि महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रौद्योगिकी के लिए तैयार किया जा रहा है। रोजमर्रा के जीवन में विश्वकमाओं के महत्व पर जोर देते हुए, पीएम ने इसके लिए भारत की युवा आबादी को श्रेय देते हुए कहा, आज पूरी दुनिया इस बात पर विश्वास कर रही है कि यह सदी भारत की सदी होगी। श्री मोदी ने रेखांकित किया कि जब दुनिया के कई देशों में बुजुर्गों की आबादी बढ़ रही है, भारत हर गुजरते दिन के साथ युवा हो रहा है।

भारत को इसका बहुत बड़ा फायदा है, उन्होंने जोर देकर कहा कि दुनिया अपने कुशल युवाओं के लिए भारत की ओर देख रही है। उन्होंने बताया कि ग्लोबल स्किल मैपिंग को लेकर भारत के प्रस्ताव को हाल ही में जी20 शिखर सम्मेलन में स्वीकार कर लिया गया, जिससे आने वाले समय में युवाओं के लिए बेहतर अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। पीएम ने किसी भी अवसर को बर्बाद न करने का सुझाव दिया और आश्वासन दिया कि सरकार इस उद्देश्य का समर्थन करने के लिए तैयार है। उन्होंने पिछली सरकारों में कौशल विकास के प्रति उपेक्षा की ओर इशारा करते हुए कहा, हमारी सरकार ने कौशल के महत्व को समझा और इसके लिए एक अलग मंत्रालय बनाया और एक अलग बजट आवंटित किया। उन्होंने रेखांकित किया कि भारत अपने युवाओं के कौशल में पहले से कहीं अधिक निवेश कर रहा है और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का उदाहरण दिया जिसने युवाओं को जमीनी स्तर पर मजबूत किया है। पीएम ने बताया कि इस योजना के तहत अब तक करीब 1.5 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। उन्होंने आगे कहा कि औद्योगिक समूहों के पास नए कौशल केंद्र भी स्थापित किए जा रहे हैं जो उद्योग को कौशल विकास संस्थानों के साथ अपनी आवश्यकताओं को साझा करने में सक्षम बनाएंगे, जिससे बेहतर रोजगार के अवसरों के लिए युवाओं के बीच आवश्यक कौशल समूह विकसित होंगे। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों पर बोलने की करें तो, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा जारी हालिया आंकड़ों पर प्रकाश डालते हुए, पीएम ने बताया कि भारत आने वाले वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। उन्होंने भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में ले जाने के अपने संकल्प को भी याद किया और कहा कि आईएमएफ को भी भरोसा है कि अगले 3-4 वर्षों में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा। उन्होंने रेखांकित किया कि इससे देश में रोजगार और स्वरोजगार के नये अवसर पैदा होंगे।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत कौशलता विकास के बल पर चुनौतियों को चुनौती देकर आगे बढ़ रहा है।भारत तेजी से बढ़ती कौशल विशेषज्ञता से बेरोजगारी का नामोनिशान मिटा देनें में जुटा।कौशलता विकास युवाओं को रोजगार देने वाला बनाने के दूरगामी परिणामों से भारत तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था वाला देश शीघ्र बनेगा।

## कविता

ज्ञान है तो शान
है
ज्ञान बढ़ाओ
देश का गौरव
और आन बान शान
जोर शोर से बढ़ाओ।

ज्ञान है तो विज्ञान है
विज्ञान है तो ब्रह्मांड
है
और ब्रह्मांड है
तो सत्य है ।

सत्य के आगे
मिथ्या ,अंधविश्वास
आडंबर कट्टरपंथ
सब निरर्थक है।

जब ज्ञान और विज्ञान
का प्रभाव आधा है
तब ही अंधविश्वास,
कट्टरपंथ,
संप्रदायवाद,
देश के विकास के
लिए,
उन्नति के लिए
सबसे बड़ी बाधा है।

मेरे देशवासियों
ज्ञान विज्ञान को
बढ़ाओ

शिक्षा को
जगाओ
अंधविश्वास को
कट्टरता को
इस देश की धरती से
कोसों दूर भगाओ।

शिक्षा और ज्ञान का
प्रकाश चहुँ ओर
बढ़ाओ।
गांव में साक्षरता का
दीप जलाओ।

आओ संग
संग आओ,
अंधविश्वास के
आडंबर,
कट्टरता को को
मिटाओ,

हे मित्रवर आओ
ज्ञान के प्रकाश का
दीप जलाओ,
इस पावन धरा को
ज्ञान,विज्ञान से
विश्व में श्रेष्ठ
और उज्जवल
बनाओ।

**संजीव**

# आसान नहीं शिवराज का हटाना

**प्रमोद भार्गव**

**विधानसभा** चुनाव के महासंग्राम की शुरूआत होते ही कांग्रेस एवं भाजपा में श्राद्ध को लेकर जुबानी जंग छिड़ गई है। दरअसल सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का गंगा नदी के किनारे निश्चिंत व निर्लिप्त बैठे हुए एक चित्र जारी हुआ था। इसमें शिवराज चुनाव की चिंता और मुख्यमंत्री बनने की इच्छा से मुक्त नजर आ रहे थे। वास्तव में वे ऋषिकेश में स्थित परमार्थ निकेतन में स्वामी चिदानंद मुनि के आश्रम में समय बिताने पहुंचे थे। वे यहां गंगा दर्शन कर गंगा आरती में शामिल हुए और संतों का आशीर्वाद लिया। इस पल चित्र सोशल मीडिया पर किसी ने डालकर लिख दिया, 'मामा का श्राद्ध, श्राद्ध में भाजपा ने दिया शिवराज मामा को टिकट।' इसे कांग्रेस की हरकत बताते हुए शिवराज ने कहा कि सनातन धर्म को अपशब्द कहने वाली कांग्रेस सत्ता की भूखी है। जबकि कांग्रेस को अपनी कुंठित सोच और कुसंस्कारों का श्राद्ध करने की जरूरत है। मैं मर भी जाऊंगा तो राख के ढेर से फीनिक्स पक्षी की तरह फिर से पैदा हो जाऊंगा, जनता की सेवा के लिए।' हालांकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने शालीनता बरतते हुए कहा कि 'शिवराज जी ईश्वर आपको दीघार्यु दे। मेरी समझ में नहीं आता कि आपको हर चीज के पीछे कांग्रेस पार्टी ही क्यों नजर आती है ? श्राद्ध पक्ष में आपको टिकट आपकी पार्टी ने दिया है, आपके व्यक्तिगत दुश्मन आपकी पार्टी में बैठे हैं और आपका अहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।'

मिथकों में फीनिक्स को एक मायावी पक्षी माना जाता है। अरब, ईरानी, मिश्र और भारतीय दंत-कथाओं में ऐसे विलक्षण पंछी का उल्लेख मिलता है। धारणा है कि इसका जीवन चक्र 500 से 1000 वर्ष का होता है। उम्र पूरी होने पर वह जल जाता है और फिर अपनी ही राख से पुनः जीवन प्राप्त कर लेता है। यह अवधारणा भारतीय दर्शन के पुनर्जन्म से मेल खाती है। श्रीमद् भगवत गीता के इस दर्शन को दुनिया के अनेक वैज्ञानिक भी अब यह मानने लगे हैं। दरअसल पदार्थगत रूपांतरण को ही पुनर्जन्म माना जाता है। पदार्थ और ऊर्जा दोनों ही परस्पर परिवर्तनशील है। ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती है, परंतु रूपांतरित होकर अदृश्य हो जाती है। इसीलिए डीएनए यानी महा रसायन मृत्यु के बाद भी संस्कारों के रूप में अदृश्य अवस्था में उपस्थित रहता है और नए जन्म के रूप में पुनः अस्तित्व में आ जाता है। इसीलिए सनातन दर्शन मृत्यु के साथ मनुष्य का पुर्णतः अंत नहीं मानता है। बल्कि मृत्यु के माध्यम से आत्मा को शरीर से अलग होकर वायुमंडल में विचरण करना मानता है। यही आत्मा मनुष्य के जीवित रहते हुए भी स्वप्न अवस्था में शरीर से अलग होकर भ्रमण करती है, लेकिन शरीर से उसका अंतसंबंध बना रहता है।

## विचार

# सनातन धर्म व अखंड भारत के स्टार प्रचारक हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**मृत्युंजय दीक्षित**

**प्रदेश के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब कुशल नेतृत्व कर्ता, प्रदेश में समाज के हर वर्ग के विकास के संवाहक के साथ ही सनातन धर्म व अखंड भारत के स्टार प्रचारक भी बन चुके हैं। सनातन धर्म और अखंड भारत को लेकर मुख्यमंत्री योगी जी के बयानों की चर्चा अब भारतीय मीडिया में ही नहीं अपितु विदेशों में भी हो रही है। योगी जी की सनातन धर्म पर स्पष्टवादिता से भारत की संपूर्ण सेक्युलर जमात में खलबली मच गई है और उनके उत्तर देने के प्रयास में सनातन विरोधी सिद्ध होती जा रही है। तमिलनाडु के द्रमुक नेता उदय निधि द्वारा सनातन धर्म का उन्मूलन करने वाले शर्मनाक बयान के बाद से ही योगी जी सक्रिय हैं और अब सनातन धर्म की विशेषताओं की चर्चा करने का कोई भी अवसर नहीं चूकते। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश के हिंदू आस्था के सभी केंद्रों, प्रतीकों का विकास व सम्मान हो रहा है। अयोध्या, मथुरा, काशी के साथ ही अन्य छोटे छोटे धार्मिक महत्व के स्थलों का विकास हो रहा है तथा उनके सुंदरीकरण व विस्तार की योजनाओं पर काम चल रहा है जिसके कारण सनातन समाज में प्रसन्नता की लहर है। उधर कांग्रेस के नेतृत्व में संपूर्ण विपक्ष जातिगत जनगणना के नाम पर हिंदू समाज को बांटने की रणनीति पर काम कर रहा है इधर योगी जी की स्पष्टवादिता है कि सनातन धर्म ही एकमात्र मात्र धर्म है। सनातन धर्म के तेजस्वी प्रतिनिधि के रूप में योगी जी की लोकप्रियता तीव्रता के साथ बढ़ रही है ।जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं वहां पर स्टार प्रचारक के रूप में सबसे अधिक डिमांड ह योगी आदिदत्यनाथ हो रही है। हर राज्य की जनता चाहती कि उनके यहां पर भी योगी जी जैसा ही मुख्यमंत्री हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आर्य समाज के कार्यक्रम में कहा, कि आर्यसमाज के संस्थापक दयानंद सरस्वती जी ने घर वापसी का जो अभियान आरम्भ किया था उसे फिर से प्रारंभ किया जाये। आर्य समाज ने वैदिक संस्कृति के प्रसार के लिए जो कार्य किये थे उन्हे भी पुनः प्रारम्भ किया जाये । योगी जी के बयानों से सपा बसपा कांग्रेस सहित सभी सेक्युलर दल बुरी तरह से चिढ़ गये और विकृत मानसिकता से सराबोर होकर बयानबाजी करने लगे। इसी प्रकार गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में योगी जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि सनातन ही एकमात्र धर्म है बाकी सब संप्रदाय और उपासना पद्धतियां हैं। तमिलनाडु के द्रमुक नेता उदयनिधि को करारा जवाब देते हुए योगी जी ने कहा कि सनातन धर्म मानवता का धर्म है। यदि सनातन धर्म पर आघात होगा तो विश्व की मानवता पर संकट आ जएगा। योगी जी के एक के बाद एक वक्तव्यों से मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाले दलों की छटपटाहट स्पष्ट रूप से दिखलाई पड़ रही है इन दलो को कोई उत्तर नही सूझ रहा है अपितु जब प्रदेश का विकास हो रहा है और कानून व्यवस्था भी सुदृढ़ हो रही है उस समय यह लोग प्रदेश का वातावरण दूषित करने के लिए विश्व के सर्वाधिक खूंखार आतंकवादी संगठन हमास के समर्थन में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। अभी तक तो योगी जी केवल सनातन धर्म पर ही बात कर रहे थे लेकिन अब उन्होंने सिंधी समाज के एक बड़े कार्यक्रम में कहा कि जब हम 500 वर्षो के बाद श्री रामजन्मभूमि को वापस ले सकते हैं तो फिर सिंध को क्यो नहीं? योगी जी के इस बयान ने आम भारतीयों को ही नहीं अपितु पाकिस्तान व उसके समर्थक देशों को भी हैरान कर दिया है। आज न सिर्फ भारत में ही अपितु पाकिस्तानी मीडिया व भारत विरोधी एजेंडा चलाने वाले मीडिया में योगी जी के बयानों पर बहस हो रही है तथा चिंता व्यक्त की जा रही है। सिंध को वापस लेने वाली बात पाकिस्तानी सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा में है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आगे कहा कि सिर्फ एक व्यक्ति की जिद की वजह से देश का विभाजन हुआ। लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। भारत का एक बड़ा भू भाग पाकिस्तान के रूप में भी चला गया। सिंधी समाज ने उस दर्द को सबसे अधिक झेला है। उन्हें अपनी मातृभूमि छोड़नी पड़ी है। योगी ने कहा कि सिंधी समाज युवा पीढ़ी को इतिहास के विषय में बताये।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# विदेशों में जाकर शिक्षा प्राप्त कर वहीं बसने का क्रेज

**अशोक भाटिया**

**पढ़ाई** के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि चिंता का विषय है. सबसे ज्यादा चिंता इस बात की है कि इससे देश के समक्ष युवा शक्ति के पलायन की समस्या बढ़ रही है. इससे उद्योग-धंधों के लिए श्रम शक्ति की कमी की समस्या भी आ सकती है. इसके अलावा, देश की बहुमूल्य विदेशी मुद्रा विदेशों में जा रही है. यूक्रेन युद्ध में भारतीय छात्र फंसे तो नेताओं को पता चला कि इतने सारे भारतीय छात्र मेडिकल की पढ़ाई करने विदेश जाते हैं. उसके बाद मुख्यमंत्रियों से लेकर प्रधानमंत्री तक ने हैरानी जताई. इस बात पर गौर किया जाना चाहिए कि भारत से हरेक साल बड़ी संख्या में विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया आदि देशों में क्यों चले जाते हैं? यह सवाल कनाडा में जो भारत को लेकर हो रहा है उस रोशनी में पूछ जाना चाहिए। वहां जो कुछ भी घटित हो रहा है उससे पहले ही भारतीयों के साथ हिंसा के मामले सामने आने के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय अधिक जाग चूका है और अब विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को कहा था कि इजराइल में फिलहाल करीब 18 हजार भारतीय जबकि वेस्ट बैंक में करीब एक दर्जन और गाजा में तीन से चार भारतीय रह रहे हैं। जब यहाँ छात्र किसी कारण से फंसते है तो भारत सरकार को ह्यएयर -लिफ्ट ह्यका सहारा लेना पड़ता है जो परेशानी भरा होता हैं . बताया जाता है कि पिछले कुछ वर्षों से भारत से विदेशों में जाकर शिक्षा प्राप्त कर वहीं बसने की आकांक्षा का क्रेज बढ़ता जा रहा है। केन्द्र सरकार के अनुसार वर्ष 2016 और 2021 के बीच 26.44 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में पढ़ने के लिए गए। एसोसिएटेड चेम्बरर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) का अनुमान है कि वर्ष 2020 में 4.5 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने गए और उन्होंने 13.5 अरब डालर का खर्च किया। वर्ष 2022 में यह खर्च 24 अरब डालर यानि लगभग 2 लाख करोड़ रूपए रहा और रेडसियर स्टाटेर्जी कन्स्लटेंट की रिपोर्ट के अनुसार 2024 तक यह खर्च 80 अरब डालर यानि 7 लाख करोड़ रूपए तक पहुंच सकता है।

# विजन और अबसेशन

**डॉ. सुरेश कुमार**

**सेल्सबॉय** सूट-बूट पहने, आइए-आइए सर! महास्मार्ट शॉपिंग मॉल में आपका स्वागत है। हमारे पास सभी सीजन की टेक्निकल चीजें मिलती हैं। ग्राहक ने कहा, यह क्या, यहाँ तो बड़ी ठंडक है। बदन जकड़ा जा रहा है। ऐसी ठिठुरती ठंडी में आदमी सामान खरीदने से ज्यादा शौचालय के चक्कर लगाएगा। ाहब यह सब हमारे महास्मार्ट एसी का कमाल है। एकदम हाइली अडवांस टेक्निक से काम करता है। शरीर के भार और आकार के हिसाब से या यूँ कहिए कि उसके क्षेत्रफल के हिसाब से उतनी ही ठंडक देता है जितना कि सामने वाला सह जाए। मालिक को मालिक के हिसाब से, मालकिन को मालकिन के हिसाब से ठंडक देता है। एक बार यह एसी आपके दिमाग में बैठ गया तो आप दूसरे एसी के बारे में भूलकर भी नहीं सोचेंगे। हाँ-हाँ सही कहते हो। ठंड के मारे मेरा दिमाग जकड़ा जा रहा है। सिरदर्द होने लगा है। आदमी जो लेगा सो लेगा उससे पहले वह अपना इलाज कराने अस्पताल जाएगा। यह सब छोड़िए साहब! बताइए आपको क्या चाहिए? मुझे कुछ नए प्रॉडक्ट्स दिखायें। एकदम हाइली अडवांस और स्मार्ट।

जरूर-जरूर! साहब यह छतरी देखिए। गर्मी में धूप से बचाता है और बरसात में पानी से। वाह! क्या कमाल की छतरी है। इतनी कमाल की छतरी को शोरूम में क्यों, विश्व धरोहर के अंतर्गत संग्रहालय में रखवाना चाहिए। अरे साहब! आप मजाक समझते हैं। यह कोई ऐसी-वैसी छतरी नहीं है। धूप में एसी बनकर ठंडक देता है। बरसात में पानी सोख लेता है। अच्छा-अच्छा! यह सब रहने दीजिए। आपके पास सभी सीजन के लिए कोई अच्छा सा कोट है? हाँ-हाँ क्यों नहीं! यह देखिए ह्यऑल सीजनल 365ह्न कोट। यह बड़ा कमाल का कोट है। ठंडी में गर्मी और गर्मी में ठंडक देता है। अगर बरसात और गर्मी एक साथ आ जाए तो तब तो यह कोट और भी बढ़िया काम करता है। बरसात के पानी को बर्फ बनाकर गर्मी भगा देता है। यहाँ तो सभी आइटम ऑल सीजनल हैं। ऐसा क्यों? साहब पहले बरसात के समय बरसात, ठंडी के समय ठंडी और गर्मी के समय गर्मी का मौसम आता था। अब सभी मौसम कॉकटेल की तरह मिलकर आते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### 15 अक्टूबर को मीडिया के समक्ष चुनौतियों को लेकर पंचकूला में होगा एक सेमिनार के आयोजन

**पंचकूला/पिंजौर: चंडीगढ़ एंड हरियाणा जर्नलिस्ट यूनियन द्वारा राज्य स्तरीय अधिवेशन** सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन आगामी 15 अक्टूबर 2023 दिन रविवार को आयोजित किया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से मीडिया के समक्ष चुनौतियां पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सेक्टर 1 पंचकूला में आयोजित होगा। इसी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने हेतु शुक्रवार को डीपीआरओ ऑफिस पंचकूला में जिला पंचकूला के पत्रकारों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता चंडीगढ़ एंड हरियाणा जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह बराड़ व प्रदेश अध्यक्ष बलवंत तक्षक ने की। बैठक में पिंजौर, कालका, रायपुर रानी, बरवाला, मोरनी जिला पंचकूला के सभी पत्रकार उपस्थित रहे और सभी से विस्तार पूर्वक होने वाले कार्यक्रम के पर चर्चा की गई। उपरोक्त संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा शिरकत करेंगे । इसके साथ ही मुख्य वक्ता के तौर पर रमेश विनायक संपादक हिंदुस्तान टाइम्स, नरेश कौशल संपादक दैनिक ट्रिब्यून, सतनाम सिंह मानक कार्यकारी संपादक अजीत समूह और विशिष्ट अतिथि के तौर पर के श्रीनिवास रेड्डी राष्ट्रीय अध्यक्ष आई जे यू, एसएन सिन्हा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आई जे यू, बलविंदर जम्मू राष्ट्रीय महासचिव आई जे यू उपस्थित होंगे।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# फैक्ट्ररी में मिलें तीन व्यक्तियों के शव का मामला. .

## रसलापुर गांव में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारीयों ने मृतकों के परिजनों से की मुलाकात, 25-25 लाख रुपए मुआवजा देने की उठाई मांग

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**

**पानीपत-हरिद्वार रोड** पर सनौली खुर्द के पास होटल जय फूडस के सामने एक फैक्ट्री में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलें तीन व्यक्तियों के शव के मामले में मजदूरों, किसानों और खेतिहर मजदूरों का प्रतिनिधि मंडल रसलापुर गांव में पीड़ित परिवारों से मिला और न्याय के संघर्ष में पीड़ित परिवारों को साथ देने का भरोसा दिलाया। अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन राज्य संयुक्त सचिव राजेंद्र ने जानकारी देते हुए बताया शनिवार-रविवार की रात को संदिग्ध परिस्थितियों में तीन नौजवान मजदूरों को गोरजा इंटरनेशनल फैक्टरी में बने कैमिकल युक्त गंदे पानी के टैंक/होद में मृत पाया गया। मृतक परिवारजनों की शिकायत पर सनौली पुलिस थाना में हत्या की 302 सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित परिवारों की मांग एवं सनौली पुलिस थाना पर फैक्ट्री मालिकों से मिलीभगत के आरोप लगाए जाने के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा ए.एस.पी.मिश्रा के नेतृत्व में



एस.आई.टी का गठन किया गया है। पीड़ित रसलापुर निवासी मृतक इस्लाम और कुरबान के परिवारवालों ने इंडस्ट्रियल वर्कर यूनियन, सैंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन, अखिल भारतीय किसान सभा एवं अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के प्रतिनिधि मंडल से बातचीत में बताया कि इस्लाम और कुरबान फैक्टरी में ट्रैक्टर चलाने का काम करते थे। और गोरखपुर निवासी सुरेश फैक्टरी में बिजली मिस्त्री के तौर पर काम करता था। पीड़ित परिवारजनों ने सनौली पुलिस थाना और फैक्टरी मालिकों की मिलीभगत व सांठ-गांठ का आरोप लगाते हुए बताया कि संदिग्ध घटना बारे परिजनों को सूचना देने में

**मांग**

**8 तीन नौजवान मजदूरों को गोरजा इंटरनेशनल फैक्टरी में बने कैमिकल युक्त गंदे पानी के टैंक/होद में मृत पाया गया**

जानबूझकर देरी की गई। सैंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन राज्य सचिव सुनील दत्त एवं इंडस्ट्रीयल वर्कर यूनियन के अध्यक्ष जयभगवान ने मृतक परिवारजनों को 25-25 लाख रुपए मुआवजा देने, निष्पक्ष जांच कर दोषियों की गिरफ्तारी करने, मृतक परिवारों के एक एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने सहित रेडक्रास सोसायटी से फौरी आर्थिक सहायता देने की मांग उठाई।

अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र मलिक, उपाध्यक्ष प्रितम रावल और अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन जिला अध्यक्ष रोहतास रसलापुर,मार्किट कमेटी के पूर्व चैयरमेन डा.धर्मबीर शर्मा,सुरेश वर्मा ने मृतक परिवारजनों को न्याय के संघर्ष में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा पीड़ित परिवारों को श्रम कल्याण बोर्ड की ओर से मिलने वाला मुआवजा और पारिवारिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन तुरंत प्रभाव से जारी करने की मांग करते हुए कहा खेत खलिहान में काम करने वाले खेत मजदूर और किसान जहां अपने हाल पर प्रकृति के भरोसे हैं वहीं औद्योगिक मजदूर भी राम भरोसे जानवरों से भी बदतर जीवन जीने को मजबूर हैं। आजादी के आंदोलन के दौरान और स्वतंत्रता के बाद लम्बे संघर्षों से मजदूरों के हित में बने श्रम कानूनों को कार्पोरेट घरानों एवं मालिक परस्ती में बदला जा रहा है। इस अवसर पर डॉ सुरेन्द्र मलिक, सुनील दत्त, राजेन्द्र, रोहतास रसलापुर, प्रितम रावल,जयभगवान, गुलाब, यूसुफ अंसारी, इरफान कानूनगो ,राज मिस्त्री आसीन, गय्यूर,अली हसन, अकबर, धर्मबीर शर्मा, रुकमा, मेहरदीन,जमील आदि मौजूद रहे।

## इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स की मेजबानी में विश्व भर से जुटे 200 ग्लोबल पार्टनर्स

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**



देश की अग्रणीय एक्सपोर्ट ट्रैक्टर एक्सपोर्ट कंपनी - इंटरनैश्नल टैक्टर्स के आंमत्रण पर आये विश्व भर से 200 ग्लोबल पार्टनर्स कंपनी की तकनीकि बारीकियों को जानने के लिये शुक्रवार को होशियारपुर स्थित प्लांट का दौरा किया। ग्लोबल पार्टनर समिट ह्यजीपीएस 200ह्ल इंटरनैश्नल ट्रैक्टर्स के दोनो ब्रांड्स - सोनालीका और सोलिस का प्रतिनिधित्व कर रहा है। होशियारपुर के बाद यह चैनल पार्टनर्स 14 अक्तूबर को गुरुग्राम में आयोजित होने जीपीएस 200 का हिस्सा बनेंगें। आईटीएल ने गत चार वर्षो में ट्रैक्टर्स एक्सपोर्ट में शीर्ष स्थान बनाया हुआ है और गत वर्ष कंपनी ने भारत से 35 हजार से भी अधिक ट्रैक्टर की बिक्री कर ट्रैक्टर उद्योग में विशेष स्थान दर्ज किया है।

## 'डिजिटल जागरूकता के लिए 16 से होगा वर्कशॉप'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**डिजिटल जागरूकता** बढ़ाने के मकसद से करनाल में 16 से 20 अक्तूबर तक एक वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। इस वर्कशॉप में अलग-अलग दिन पटवारी, तहसीलदार, ग्राम सचिव, सरपंच, पंचायत समिति, जिला परिषद सदस्य, निगम और नगर पालिका पार्षद व सरकारी अधिकारी हिस्सा लेंगे। इसकी जानकारी शुक्रवार को एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने दी।

एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में अधिकारियों की बैठक के दौरान बताया कि सरकार द्वारा अलग-अलग योजनाओं के लिए चलाए जा रहे पोर्टल के संबंध में डिजिटल



जागरूकता पैदा करने के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। यह वर्कशॉप कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित होगी।

डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि 16 अक्तूबर को वर्कशॉप के पहले दिन जिला के सभी तहसीलदार, पटवारी और ग्राम सचिव शामिल होंगे। 17 अक्तूबर को जिले की सभी पंचायतों के सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य शामिल होंगे। 18 अक्तूबर को नगर निगम के पार्षद, नगर पालिकाओं के पार्षद शामिल होंगे। 19 अक्तूबर को जन प्रतिनिधि व सरकारी अधिकारी वर्कशॉप में हिस्सा लेंगे। इसके अतिरिक्त 20 अक्तूबर को वर्कशॉप के अंतिम दिन स्कूल अध्यापक व वह छात्र जो परिवार पहचान पत्र में ग्राउंड पर वेरिफिकेशन के कार्य में लगे हुए हैं। उन्होंने बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व, पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय व शिक्षा विभाग के अधिकारी समय से जिन लोगों ने वर्कशॉप में हिस्सा लेना है, उनका नाम, पद व मोबाइल नंबर उपलब्ध करवाएं डीआरओ श्याम लाल, डीडीपीओ राजबीर खुंडिया, डीआईओ महीपाल सिकरी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## 'देश की आजादी के बाद पहली बार विशाल स्तर पर मनाई जाएगी महाराजा अग्रसेन जयंती'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**पानीपत के** सैक्टर 13-17 की अग्रवाल सभा में महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के साथी गण 15 अक्टूबर को होने वाली महाराजा अग्रसेन जी की शोभायात्रा का निमंत्रण देने पहुंचे। इस दौरान समाजसेवी संजय अग्रवाल ने अग्रवाल सभा के सभी साथियों को महाराजा अग्रसेन जी की शोभायात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया वहीं अग्रवाल सभा सैक्टर 13झ्17 के साथियों को बताया कि आने वाली 15 अक्टूबर को पानीपत के ऐतिहासिक देवी मंदिर से दोपहर 2:00 बजे शोभा यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। जो की पानीपत की बाजारों से होती हुई महाराजा अग्रसेन चौक पर पहुंचेगी। इस यात्रा में 18 सफेद घोड़े होगें जिन पर महाराजा अग्रसेन जी के 18 पुत्रों के नाम से बने 18 गोत्रों के युवक व युवतियां यात्रा की अगवाई करेंगी। यात्रा की शोभा बढ़ाने के लिए भारत का नंबर वन जिया बैंड भी शामिल होगा। वही नासिक ढोल नगाड़ों के साथ भगवान श्री गणेश जी, भगवान शिव, भगवान राम और मां सीता, भगवान बाला जी, हनुमान जी,अग्रवाल समाज की कुलदेवी मां लक्ष्मी एवं अग्रवाल समाज के कुल देवता महाराजा अग्रसेन जी का स्वरूप यात्रा में शामिल होगा। इस यात्रा के दौरान सभी साथियों को भगवा रंग की पगड़ी बांधी जाएगी। इस यात्रा में अग्रवाल समाज के लगभग 5 हजार के करीब बड़े बुजुर्ग युवा साथी एवं महिलाएं शामिल होंगी। वहीं समाजसेवी संजय अग्रवाल ने सभी दुकानदारों को निमंत्रण देते हुए कहा कि इस यात्रा में 36 बिरादरी शामिल होकर महाराजा अग्रसेन जी की शोभायात्रा की शोभा बढ़ाइएगी।

## स्वास्थ्य सेवा की टीम ने शहर के हाई रिस्क एरिया का किया दौरा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। सिविल सर्जन** डॉ. विनोद कमल ने बताया कि निदेशक स्वास्थ्य सेवा हरियाणा पंचकूला की टीम ने जिला में वैक्टर जनित रोगों की रोकथाम की गतिविधियों की समीक्षा करने के लिए दौरा किया। इस टीम में डॉ.नवनीत डीडी व एन्टोमोलोजिस्ट सीमा सिंह शामिल रही। टीम ने शहर के हाई रिस्क एरिया का दौरा किया तथा डेंगू केस के घर जाकर स्थिति का जायजा लिया। करनाल शहर की सभी टीमों का कार्य संतोषजनक पाया गया। सिविल सर्जन ने वैक्टर जनित रोगों से बचाव के लिए आम जनता से अपील की है कि वे छतों पर बेकार खाली बर्तनों टायरों टयूबों डिब्बों, गमलों व अन्य पानी के स्रोतों इत्यादि में से पानी निकलवा दें व उल्टा करके रखें।

## फसल अवशेष जलाए तो होगी सख्त कार्यवाही: सनौली खुर्द

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**हरियाणा सरकार** के मुख्य सचिव संजीव कौशल द्वारा मंगलवार को हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा राज्य के सभी जिलों के उपायुक्त से फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में विस्तार से चर्चा की गई थी,जिसमें सभी को आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष निर्देश दिए हैं उन्होंने कहा था कि भविष्य में हरसैक द्वारा कोई भी आगजनी की घटना प्राप्त नहीं होनी चाहिए,उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस भी गांव में हरसैक द्वारा फसल अवशेषों में आगजनी की घटना प्राप्त होती है तो उसे गांव के सरपंच व नंबरदार को भी जिम्मेदार मान उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उक्त जानकारी सनौली खुर्द बी.डी.पी.ओ. रितु लाठर ने देते हुए बताया कि सरकार ने फसल अवशेष के जलाने पर सख्त रोक लगा रखी है अगर कोई इसके बावजूद सरकार के नियमों की अवहेलना करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों ने निर्देश दिए कि यदि किसी गांव में आगजनी की घटना पाई जाती है तो उसे गांव में अगले वर्ष कृषि यंत्रों पर



**पराली न जलाएं**

**8 आगजनी की घटना प्राप्त होती है तो उसे गांव के सरपंच व नंबरदार को भी जिम्मेदार मान जाएगा**

अनुदान के लिए कोई भी वरीयता प्रदान नहीं की जाएगी।

बी.डी.पी.ओ. रितु लाठर ने सरपंचों व नंबरदारों से आवाहन किया कि वों ग्रामीणों को जागरूक करें और फसल अवशेष ना जलाने दें। उन्होने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर सरकार द्वारा राशि भी दी जाती ह। जिसका रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर करवा कर उसे प्राप्त किया जा सकता है। उन्होने बताया कि फसल अवशेष आगजनी का रोकने के लिए अधिकारीयों व कर्मचारीयों की ड्यूटी लगाई गई है।

## 'भक्तिपूर्वक पराशक्तियों की कृपा से अकल्पनीय सफलता पाना संभव'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**महाप्रभावी** श्री घंटाकर्ण देवस्थान पर विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस के उपलक्ष्य में मासिक श्रद्धालु संगम का आयोजन श्रद्धा-भक्ति, आस्था तथा समर्पण के मंगलमय वातावरण में संपूर्ण हुआ। सूर्योदय से भक्तों का कतारबद्ध आगमन शुरू हुआ, जो देर सांझ तक अनवरत रूप से चलता रहा। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से दैवी शक्ति का आह्वान करते हुए लोकमंगल की कामना की गई। साध्वी जागृति, जयपाल सिंह, पुष्पा गोयल, आदि ने सुमधुर भजनों से समां बांधा



और श्री घंटाकर्ण देव का आह्वान करते हुए उनकी मंगलमयी कृपा की याचना की। लक्खां तर गए लक्खां ने तर जाना जीना ने तेरा नाम जपिया, जिसकी उंगली पर चला यह सारा संसार है, वो कोई और नहीं मेरे घंटाकर्ण दातार है, जब-जब तेरा भक्त कहीं कोई रोता है, आंख के आंसू से चरण को धोता है आदि भजनों ने सभी की हृदय तंत्रियों को झंकार दिया। महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय संस्कृति में भक्ति आत्मा को परमात्मा तक पहुंचाने का माध्यम है। भक्तिपूर्ण समर्पण से असंभव को भी संभव किया जा सकता है और पराशक्तियों की दैवी कृपा से अलौकिक सफलता पाई जा सकती है। श्री घंटाकर्ण जी महाप्रभावी, भक्तवत्सल देवता हैं जिनकी कृपा व्यक्ति को निहाल तथा मालामाल कर देती है। इनमें भक्तों के संकटों को टालकर भक्त के जीवन को निर्विघ्न मनाने की अप्रतिम क्षमता है। परालौकिक शक्तियां भक्ति से प्रसन्न होकर कंगाल को मालामाल, साधनहीन को साधनसंपन्न तथा दर-दर ठोकरें खाने वाले को भी शाही ठाठ-बाट से युक्त बना देती हैं। श्री घंटाकर्ण जी सभी भारतीय परंपराओं के सर्वमान्य परोपकारी, जनहितैषी ऐसी देवता हैं, जिनके अनुकूल होने पर सारी तकलीफें काफूर हो जाती हैं।

# मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण के सम्बन्ध में हुआ बैठक का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**मतदाता सूचियों के** संक्षिप्त पुनरीक्षण के सम्बन्ध में उप मण्डल अधिकारी (नागरिक) इन्द्री अशोक कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं सचिवों ने भाग लिया।

एडीएम ने बताया कि 20-इन्द्री विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 1 जनवरी 2024 को क्वालीफाईंग तिथि मानकर फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य 27 अक्तूबर से 9 दिसम्बर तक किया जाएगा। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं सचिवों से अनुरोध किया कि वे ज्यादा से ज्यादा पात्र व्यक्तियों के वोट बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति की आयु 1 जनवरी 2024



को 18 वर्ष या उससे अधिक है तो वह फार्म नंबर 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकता है। उन्होंने बताया कि यदि आपके परिवार/एरिया में किसी की मृत्यु हो चुकी है या वो वहां से चले गए है तो उनका फार्म नंबर 7 भरकर मतदाता सूची से नाम हटवा सकते हैं, ताकि मतदाता सूची को शुद्धि की जा सके। यदि मतदाता सूची में किसी के नाम/पता इत्यादि कोई त्रुटि है तो वह फार्म नंबर 8 भरकर त्रुटि दूर करवाई जा सकता है बारे प्रचार करवाया जाए ।

उन्होंने राजनैतिक दलों से अनुरोध किया कि वे भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी राजनैतिक दल बीएलए की नियुक्ति करके जिला निर्वाचन कार्यालय, करनाल में सूची भिजवाने का कष्ट करें ताकि प्रत्येक एरिया में बीएलए व बीएलओ की मिटिंग करवाई जा सकें व वचित पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाए जा सकें । उन्होंने अपील की कि सभी राजनैतिक दल अपने कार्यकताओं के माध्यम से मतदाता सूची का निरीक्षण करवाएं तथा वोट से वचित पात्र व्यक्तियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने हेतु जागरूक करने के लिए अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से व्यापक प्रचार करवाएं ताकि सभी पात्र व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकें तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्थापित ह्ङ्कस्क्क (ह्ड्डह्लद्बशठ्ठड्डद्य ङ्कशह्लद्गह्म् स्द्गह्म्1द्बष्द्ग क्कशह्म्ह्लड्डद्य) द्वारा स्वयं भी ऑनलाईन फार्म नंबर 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकें।

उप मण्डल अधिकारी ने बताया कि पुनरीक्षण के दौरान आम जन को जागरूगक करने के लिए मोबाईल वैन चलाई जाएगी तथा कालेजों व स्कूल में विशेष कैम्प लगाए जाएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा पात्र व्यक्ति अपनी वोट बनवा सकें। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध कि वे सभी मतदाता सूची का अवलोकन करें और किसी भी कमी नजर आए तो निर्वाचक पंजीयन अधिकारी व जिला निर्वाचन कार्यालय को अवगत करवाएं।

# 419 गांव की माटी बढ़ाएगी अमृत वाटिका की शोभा: सुधा



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) विधायक सुभाष सुधा** ने कहा कि गीता स्थली कुरुक्षेत्र के 419 गांवों की माटी दिल्ली में शहीदों की याद में बनने वाली अमृत वाटिका की शोभा बढ़ाएगी। इस माटी की यादे अमृत वाटिका देखने के बाद हमेशा कुरुक्षेत्र के लोगों के जहन में तरोताजा होती रहेगी। इस मिट्टी को प्रत्येक गांव से अमृत कलश में एकत्रित किया गया है। इस जिले के सभी अमृत कलश को रोहतक लेकर जाएंगे और रोहतक से 7500 अमृत कलश दिल्ली में पहुंचेंगे।

विधायक सुभाष सुधा शुक्रवार को अग्रसेन पब्लिक स्कूल सेक्टर-13 में जिला प्रशासन और नेहरु युवा केंद्र के तत्वाधान में थानेसर ब्लॉक के मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा, डीएसपी प्रदीप कुमार, बीडीपीओ थानेसर अमित, अग्रसैन पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल रीटा गोयल,

**8 इस माटी की यादे अमृत वाटिका देखने के बाद हमेशा कुरुक्षेत्र के लोगों के जहन में तरोताजा होती रहेगी**

डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह, जिला युवा अधिकारी रेणू रानी, सीएससी जिला प्रबंधक मोहित शर्मा, एबीपीओ मनोज ने दीपशिखा प्रज्जवलित करके विधिवत रुप से मेरी माटी-मेरा देश अभियान में थानेसर ब्लॉक के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक सुभाष सुधा ने अधिकारियों, सरपंचों और हजारों विद्यार्थियों को पंचकर्म की शपथ भी दिलवाई। इसके बाद ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ शहर में अमृत कलश यात्रा भी निकाली गई। इस कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकार राजकुमार शर्मा, राजकुमार, शीशन, बीपीडब्लयू कृष्ण ने देशभक्ति गीतों को प्रस्तुत किया।

विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेशानुसार देश के हर गांव में मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत शहीदों को सम्मान देने के उदेश्य से अलग-अलग चरणों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत उनके थानेसर हल्का से भी 66 सरपंचों और प्रतिनिधियों ने अपने-अपने गांव की मिट्टी को अमृत कलश में डालने का काम किया। यह कार्यक्रम हमेशा स्मरणीय रहेगा।

इस मौके पर युवा एवं खेल विकास मंडल उदारसी की कोषाध्यक्ष विजेता सैनी, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अमप्रीत, संदीप शर्मा, राहुल आदि उपस्थित थे।

# शहजादपुर में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन कल



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**उपायुक्त डा.** शालीन ने बताया कि कल रविवार को दोपहर 12.30 बजे राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल शहजादपुर में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उपायुक्त ने यह जानकारी अपने कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों से बातचीत करते हुए दी।

उपायुक्त डा. शालीन ने 15 अक्तूबर को शहजादपुर के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित होने वाले जन संवाद कार्यक्रम को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कार्यक्रम के दृष्टिगत उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की व्यवस्था बारे, पेयजल व्यवस्था बारे, बिजली व्यवस्था बारे, स्टेज की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था के साथ-साथ अन्य जो आवश्यक कार्य हैं उन्हें करने बारे निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जन संवाद कार्यक्रम के तहत स्वयं सहायता समूह द्वारा स्टाल की व्यवस्था, जिला रैडक्रास सोसायटी द्वारा 3 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर उपलब्ध करवाने बारे, परिवार पहचान पत्र से सम्बन्धित स्टाल लगवाने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने जन संवाद कार्यक्रम में जिला स्तर के सभी अधिकारियों को उपस्थित रहने के भी निर्देश दिए ताकि यदि किसी विभाग से सम्बन्धित कोई शिकायत या समस्या आए तो उस बारे सम्बन्धित अधिकारी को अवगत करवाया जा सके।

**जन संवाद**

**8 उपायुक्त ने 15 अक्तूबर मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित होने वाले जन संवाद कार्यक्रम को लेकर दिए दिशा-निर्देश**

उपायुक्त ने बैठक के बाद सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल शहजादपुर का भी जायजा लिया और इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम के दृष्टिगत जो आवश्यक कार्य एवं प्रबंध किए जाने हैं उस बारे सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा, अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, एसडीएम नारायणगढ़ सी जया शारधा, आरटीए सुशील कुमार, डीएसपी जोगिन्द्र शर्मा, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, बीडीपीओ शहजादपुर नेहा शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, बीईओ ज्योति सभ्रवाल, प्रिंसीपल सुरेन्द्र ढिल्लो, पीडब्लयूडी एसडीओ सुनील कुमार के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### ओलावृष्टि व बरसात से किसानों का हुआ भारी नुकसानः मलौर



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेस नेता जसबीर मलौर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 10 अक्तूबर मध्यरात्रि अचानक हुई तेज बरसात व ओलावृष्टि से किसानों की फसल को भारी नुक्सान पहुंचा है । उन्होनें बताया कि मेहंला, सौंटा, सौंटी, कगंवाल गाँव में धान की फसल बर्बाद हो चुकी है । पहले ही किसान बाढ़ आने की वजह से दोबारा धान रोपण कर नुक्सान में है और अब बेमौसमी बरसात ने किसानों पर दोहरी मार की है इस बार किसानों को भारी आर्थिक नुक्सान उठाना पड़ रहा है । मलौर ने मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द स्पेशल गिरदावरी करवाकर किसानों को उनके हुए नुक्सान का मुआवजा दिया जाए। पूर्व विधायक कहा कि भाजपा - जजपा सरकार द्वारा शुरू किए गए "मेरी फसल मेरा ब्यौरा" पोर्टल ने किसान , मजदूर , आढ़ती सभी को बबार्दी की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है । गठबंधन सरकार किसान और फसल की बेकदरी कर रही है । कई कई दिन के इंतजार के बावजूद मंडियो में फसल नहीं बिक रही । कांग्रेस पार्टी ने जल्द फसल खरीद शुरू करने की मांग करी थी , बावजूद इसके फसल खरीद की शुरूआत 15 दिन की देरी से हुई। इसके बाद पोर्टल शुरू ना होने के बहाने से किसानों को परेशान किया गया ।

मलौर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार के समय फसल मंडी में आते ही सरकारी खरीद शुरू हो जाती थी । इसके चलते प्राइवेट एजेंसियों को भी फसल एमएसपी से ज्यादा रेट में खरीदनी पड़ती थी । लेकिन मौजूदा सरकार फसल खरीद मे जानबूझकर टाल मटोल करती है ताकि फसल का रेट गिर सके और किसान कम भाव में फसल बेचने को मजबूर हो सके । इसके अतिरिक्त सरकार ने धान के निर्यात पर भी रोक लगा दी ताकि अतंरराष्ट्रीय बाजार में फसलों के बढ़े दाम का लाभ किसानों को ना मिल सके ।

### शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा "खेलों में नेतृत्व" व्याख्यान का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**आज भगवान** परशुराम महाविद्यालय के सैमीनार कक्ष में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक ह्लखेलों में नेतृत्व ह्ल रहा ' इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ सुरेंद्र तवंर ,एसोसिएट प्रोफेसर ,एस ए जैन कॉलेज अंबाला सिटी रहे ' भगवान परशुराम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शीश पॉल ने मुख्य वक्ता डॉ सुरेन्द्र तंवर का स्वागत किया ' शारीरिक शिक्षा के शिक्षक डॉ सौरव त्रिखा ने मुख्य अतिथि का परिचय करवाते हुए उनके खेलों में योगदान के बारे में सभी छात्र-छात्राओं को बताया ' इस अवसर पर डॉ राजेश फोर, सहायक प्रोफेसर एस डी कॉलेज अंबाला कैंट से भी उपस्थित रहे ' मुख्य वक्ता ने बच्चों को बताया की शारीरिक शिक्षा में रोजगार के बहुत अवसर है शारीरिक शिक्षा के द्वारा नेतृत्व की भावना को विकसित किया जा सकता है उन्होने छात्रों को प्रेरित किया कि अगर वह खेलों में भाग लेंगे तो उसमें अच्छा करियर बना सकते हैं। डॉ तंवर ने खेलों के माध्यम से बच्चे किन-किन विभागों में नौकरी प्राप्त कर सकते हैं उसे पर भी प्रकाश डाला' शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक डॉ दिलबॉग सिंह ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया और आशा की आगे भी इनका सहयोग इसी तरह उन्हें मिलता रहेगा ' इस अवसर पर खेल विभाग के संयोजक डॉ हीरालाल, डॉ सौरभ त्रिखा, डॉ दिलबाग सिंह, प्रो संदीप ,प्रो वरुण, प्रो वेदपाल तथा अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे'

# महाराजा अग्रसेन के नाम पर हो राज्य स्तरीय पुरुस्कार : राजीव जैन



राजीव जैन ने मुख्यमंत्री को लिखे एक पत्र के माध्यम से की। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
समाजवाद के प्रवर्तक एवम् अहिंसा के पुजारी महाराजा अग्रसेन के नाम से सामाजिक समरसता, समाजसेवा, शिक्षा अथवा अन्य किसी भी क्षेत्र के उत्कृष्ठ कार्यों हेतु राज्य स्तरीय पुरुस्कार की शुरूआत हरियाणा सरकार की तरफ से की जानी चाहिए। उक्त मांग हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष एवम् मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार रहे महाराजा अग्रसेन ने सर्वजन हिताय हेतु एक रुपया एक ईंट का अनोखा सिद्धांत प्रतिपादित किया था जिसके चलते समाज का कोई भी वर्ग विकास से अछूता नहीं रह सकता था। ये सिद्धांत सबका साथ सबका विकास नीति का प्रबल उदाहरण है महाराजा अग्रसेन जयंती प्रथम नवरात्रि तदानुसार 15 अक्तूबर से पूरे देश प्रदेश भर में जयंती कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ऐसे समय में इसकी घोषणा महाराजा अग्रसेन जी के वंशजों एवम् अनुयाइयों सहित पूरे समाज को नई प्रेरणा देने का काम करेगी। उन्होंने उपरोक्त मांग के साथ साथ दूसरी मांग करते हुए कहा कि राज्य सरकार हमारे सभी महापुरुषों की जयंती सरकारी स्तर पर क्रमशः मना रही है। श्रृंखला में सर्व समाज में महाराजा अग्रसेन जी का संदेश पहुंचाने हेतु अग्रसेन जयंती भी सरकारी स्तर पर मनाई जाए।

## श्री रामलीला ड्रामाटिक क्लब द्वारा सीता स्वयंवर का हुआ मंचन

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**श्री रामलीला ड्रामाटिक** क्लब, कुरुक्षेत्र (रजि.) द्वारा पुराना बस स्टैंड के नजदीक शहीद मदन लाल ढींगड़ा पार्क में चौथे दिन सीता स्वयंवर प्रसंग भव्य दृश्यावली के साथ दिखाया गया। चेयरमैन डा.महेश तनेजा और प्रधान जितेंद्र ललित ने बताया कि रामलीला मंचन से पूर्व सभी पदाधिकारियों द्वारा श्री राम आरती की गई। रामलीला का मुख्य आकर्षण परशुराम–लक्ष्मण संवाद रहा। सीता स्वयंवर में श्रीराम ने शिवजी के धनुष को भरी सभा में तोड़ा और उसकी गर्जना सुनते ही महर्षि परशुराम जी क्रोध से जनकपुरी सीता स्वयंवर में पहुंचकर ललकार कर रहे थे कि यह शिवजी का धनुष किसने तोड़ा है। उस दौरान महर्षि परशुराम जी और लक्ष्मणजी के बीच संवाद हुआ। उस दौरान श्री राम स्वयं उठकर परशुराम जी से हाथ जोड़कर विनती करते रहे, उसके बाद महर्षि परशुराम जी को श्री राम में भगवान की छवि दिखाई दी और फिर दोनों गले लगकर मिले। कोषाध्यक्ष राजेंद्र गाबा ने बताया कि रामलीला मंचन में महेंद्र ठाकुर ने राजा जनक,डा.मोहन तनेजा ने राम,भरत तनेजा ने लक्ष्मण,सुरेश तनेजा ने परशुराम,विकास कुमार ने सीता, विनय कुमार ने विश्वामित्र,हार्दिक गाबा ने रावण का रोल किया वहीं,कृष्ण लाल वधवा,पीयूष गाबा,सतीश शर्मा,जगदीश गाबा व अन्य कलाकार विभिन्न देशों के राजकुमारों में नजर आए जो सीता स्वयंवर में शिवधनुष उठाने की जोर आजमाईश करते रहे और धनुष न उठा पाने पर हंसी का पात्र बने।

## विज ने छावनी के इण्डस्ट्रियल एरिया को बाढ़ से बचाव हेतू दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने प्रशासनिक अधिकारियों को आगामी मानसून से पहले अम्बाला छावनी के इण्डस्ट्रियल एरिया को बाढ़ से बचाव हेतू टांगरी नदी के तटबंध को ऊंचा व सुदृढ करने के साथ-साथ चारदीवारी निर्माण करने के निर्देश दिए।

विज यहां चण्डीगढ में हरियाणा राज्य औद्योगिक अवसरंचना विकास निगम, शहरी स्थानीय निकाय और उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में अम्बाला छावनी इण्डस्ट्रियल एरिया की एसोसिएशन के



पदाधिकारी भी उपस्थित थे। गृहमंत्री अनिल विज ने कहा कि गत मानसून की बरसात तथा पहाडों में हुई अतिरिक्त वर्षा के कारण अम्बाला छावनी के इण्डस्ट्रियल एरिया में टांगरी नदी के पानी ने काफी नुकसान पहुंचाया था। इस आपदा को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को अम्बाला छावनी के इण्डस्ट्रियल एरिया को बाढ से बचाने के लिए एक व्यापक योजना तैयार करने के लिए निर्देश दिए हैं ताकि भविष्य में इस प्रकार की कोई भी आपदा न हो सकें।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल ।** सशक्त व उन्नत भारत के निर्माण में हमारे कारीगरों व शिल्पकारों का अहम योगदान रहा है। ऐसे में इस श्रेणी के लोगों को सम्मान के साथ उन्हें समर्थ बनाते हुए उन्हें समृद्धशाली बनाना है।

इस काम के लिए सरकार ने विश्वकर्मा भाई बहनों को समर्पित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना शुरू की है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पोर्टल खुलते ही इस योजना के तहत अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ा जाए। यह बात उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने आज केंद्रीय वित्त मंत्रालय के सचिव विवेक जोशी के साथ इस योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद अधिकारियों को दिए।

# सरकार को जल्द से जल्द सफाई कर्मचारियों की मांगे मानकर धरना खत्म करवाना चाहिए: संदीप



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक) लाडवा के** खंड एवं पंचायत कार्यालय में लाडवा ब्लॉक के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर पिछले चार दिन से धरना प्रदर्शन व सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। उसी कड़ी में शुक्रवार को नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग कर्मचारियों को समर्थन देने पहुंचे और कर्मचारियों के साथ धरने पर बैठे। नेता संदीप गर्ग ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी अपनी जान की परवाह करें बिना सफाई आदि करते हैं, ऐसे लोगों को हड़ताल व धरने आदि पर बैठने नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर ये लोग धरने आदि पर बैठेंगे तो सभी को दिक्कत व नुकसान होगा, क्योंकि यह लोग गांवो में साफ-सफाई व स्वच्छता आदि का ध्यान रखते हैं। इसलिए इनकी जो भी मांगे हैं वह सरकार को जल्द से जल्द मान लेनी चाहिए और धरना खत्म करवा देना चाहिए। वहीं उन्होंने बताया कि पिपली व लाडवा में धरने पर बैठे कर्मचारियों के लिए उन्होंने दोपहर के खाने की व्यवस्था भी की है। वहीं ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के जिला प्रधान रिन्कू बड़ौंदा ने कहा कि पूरे प्रदेश भर में तीन दिवसीय ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की हुई थी। परंतु गुरूवार को तीन दिन पूरे होने के बाद अब यह हड़ताल 16 अक्तूबर तक कर दी गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की प्रमुख मांगे हैं: ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की पॉलिसी बनाकर उन्हें पक्का किया जाए, ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की भर्ती 400 की आबादी पर की जाए।

## शिक्षा विभाग के सहयोग से संपन्न हुई यातायात प्रश्नोतरी परीक्षाः प्रदीप



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**
**पुलिस महानिदेशक हरियाणा** व पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे (हरियाणा) करनाल के दिशा-निदेर्शों के अनुसार जिला में यातायात को लेकर स्कूल स्तरीय यातायात प्रश्नोतरी परीक्षा शुकवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। जिला कुरुक्षेत्र के करीब 1100 स्कूलों के करीब 1.5 लाख विद्यार्थियों ने दी यातायात प्रश्नोतरी परीक्षा।

जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक यातायात प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया के मार्ग-दर्शन में जिला में हुई इस परीक्षा को लेकर जिला पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की गई थी। उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर को हुई इस परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग के साथ मिलकर प्लान तैयार किया था। उन्होंने बताया कि दिनांक 13 अक्तबूर को सुबह समय 10 से 11 बजे तक जिला कुरुक्षेत्र के 1100 स्कूलों में हुई परीक्षा में जिला के करीब 1.5 लाख विद्धार्थियों ने भाग लिया । उन्होंने बताया कि यह परीक्षा चार लेवल पर हुई। पहले लेवल में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थी, लेवल 2 में कक्षा 6 से 8 तथा लेवल 3 में कक्षा 9 से 12वीं तथा लेवल 4 में कॉलेज स्तर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके बाद ब्लॉक स्तर, जिला स्तर व राज्य स्तर पर परीक्षा ली जाएगी । ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले सभी श्रेणियों के छात्रों को ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले का मौका मिलेगा। सभी स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीया आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाऐगा। शुकवार को स्कूल स्तरीय यातायात प्रश्नोतरी परीक्षा के दौरान डीएसपी प्रदीप कुमार ने राजकीय माध्यमिक विद्धालय बहाली, अग्रसेन पब्लिक स्कूल सेक्टर 13 का निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान स्कूल प्रिंसिपल, स्कूल स्टाफ ड्यूटी पर मौजूद रहे।

# आरसेटी कुरुक्षेत्र ने ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र किए वितरित

**ब्यूटी पार्लर प्रबन्धन के 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह का आयोजन किया गया**

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) सिरसला रोड (नजदीक स्काइट कॉलेज) खेड़ी मारकंडा कुरूक्षेत्र में ब्यूटी पार्लर प्रबन्धन के 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में जिला परिषद की अध्यक्ष कंवलजीत कौर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

मुख्य अतिथि कंवलजीत कौर व आरसेटी के निदेशक राय सिंह द्वारा 34 सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। मुख्य अतिथि द्वारा सभी को प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर जल्दी अपना ब्यूटी पार्लर का व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए शुभकामनाएं दी व एक सफल उद्यमी होने की कामना की। उन्होंने गुणवत्ता प्रशिक्षण देने में आरसेटी के प्रयासों की सराहना की। आरसेटी के निदेशक राय सिंह ने उनके उज्ज्वल भविष्य और रोजगार शुरू करने की कामना की और सभी लोगों को जिला कुरुक्षेत्र के बाकी बेरोजगार युवाओं को भी आरसेटी मे प्रशिक्षण लेने के लिए जानकारी देने व प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया। सभी ट्रेनिंग



प्राप्त कताओं ने ट्रेनिंग सेंटर व ट्रेनर्स की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। निदेशक राय सिंह ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने ग्रामीण बेरोजगार युवकों/युवतियों जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष है और जो पढ ?ा लिखना जानते हों, को स्वरोजगार प्रदान करने के उदेश्य से देश भर के 590 जिलों में कौशल विकास के लिए ट्रेनिंग संस्थान खोले हैं। कुरुक्षेत्र जिले में पीएनबी आरसेटी 2012 से कार्य कर रही है। हमारे जिले में 39 तरह के ट्रेनिंग प्रोग्राम चलते हैं जिनमें कंप्यूटर एकाउंटिंग, ब्यूटी पार्लर, महिला टेलरिंग, डेरी फार्मिंग/वर्मी कम्पोस्ट, मशरूम उत्पादन, सॉफ्ट टॉयज बनाना, जुट उत्पाद उधमी, मधु मक्खी पालन, जनरल ईडीपी, बैंक मित्र आदि सम्मलित हैं। इन ट्रेनिंग प्रोग्राम की अवधि 6 दिन से लेकर 30 दिन तक की होती है। ट्रेनिंग पश्चात रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों से लोन दिलवाने का कार्य भी आरसेटी करती है। ये ट्रेनिंग प्रोग्राम मुफ्त में दिए जाते हैं साथ ही मुफ्त में दोपहर का भोजन, मुफ्त टूल किट्स (मेकेनिकल ट्रेनिंग हेतु), मुफ्त ट्रेनिंग सामग्री, वर्दी व 2 साल के लिए हैण्ड होल्डिंग भी की जाती है।

इस कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार ने किया। इस मौके पर जिला परिषद के लेखा अधिकारी सत्य भूषण, डोमेन स्किल ट्रेनर नीलम गुप्ता, कमलेश शर्मा, आरसेटी के फैकल्टी राजेश कुमार व रवि कुमार उपस्थित रहे।

# बादली विधानसभा क्षेत्र के भलस्वा वार्ड के स्कूलों में मेगा पीटीएम का आयोजन








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में वार्ड-17 भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने दिल्ली सरकार एवं एमसीडी के स्कूलों में आयोजित मेगा पीटीएम में पहुंचे और बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव ने बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व होता है, इसलिए सभी शिक्षा अवश्य ही हासिल करें। उन्होंने अभिभावको से यह भी कहा कि अपने बच्चों को विद्यालय नियमित रूप से भेजें और बच्चों का घर पर नियमित रूप से होम वर्क भी चेक करें। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली सरकार और निगम के स्कूलों में पहले की अपेक्षा अब बहुत अधिक सुधार हुआ है और आम आदमी पार्टी राज में शिक्षा का स्तर सुधरा है। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



दिल्ली सिक्ख गुरूदारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत करते हुए खालसा कॉलेज देव नगर दिल्ली के चेयरमैन सुखबीर सिंह कालरा व अन्य गणमान्य लोग।

## बरवाला: दयानंद ने गायक किशोर कुमार को श्रद्धा सुमन किये अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने संघ के मुख्यालय बरवाला में हरफनमौला पार्श्वगायक स्वर्गीय किशोर कुमार की 36वीं पुण्यतिथि पर उन्हें उनके करोड़ों प्रशंसकों की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में श्री वत्स ने कहा कि किशोर दा बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी प्रतिभावान अभिनेता, निमार्ता, निर्देशक, गायक, संगीतकार, गीतकार, कम्पोजर थे। किशोर कुमार को आराधना, अमानुष, डान, थोड़ी सी बेवफाई, शराबी, नमक हलाल, अगर तुम ना होते, सागर फिल्म में गाए गीतों के लिए 8 फिल्मफेयर अवार्डस मिले। अभिनेता के रुप में भी किशोर दा की चलती का नाम गाड़ी, पड़ोसन प्रमुख हैं। उन्होंने आजीवन अपनी शर्तों पर काम किया और कभी भी किसी के दबाव में नहीं आए।

यह भी एक संयोग ही है कि 13 अक्टूबर को उनके बड़े भाई दादा मुनि अभिनेता अशोक कुमार का जन्मदिन होता है और उसी दिन किशोर कुमार की पुण्यतिथि होती है। इतने बड़े कलाकार किशोर कुमार को आज तक कोई पद्म सम्मान सरकार की और से नहीं मिला।



पीएम उदय योजना के तहत अनधिकृत कॉलोनीवासियों को मालिकाना हक के लिए रजिस्ट्री सुविधा प्रदान करने के लिए पूर्व विधायक नीलदमन खत्री के नेतृत्व में नरेला में विशाल मेगा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें डीडीए के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## वजीरपुर: खाली पड़े बर्तनों व गमलों में पानी न एकत्रित होने दें: डॉ. भारती



**नई दिल्ली:** सर्दी के मौसम में लोगों को अपना स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखने की आवश्यकता है। खासतौर पर जब मौसम बदलता है तो उस दौरान हमें अपने स्वस्थ्य के प्रति विशेष रूप से सचेत रहने की अवश्यकता होती है। उक्त बातें वजीरपुर के डॉक्टर एम.के.भारती ने कही। श्री भारती ने कहा कि डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया से बचाव जरूरी है। इसलिए अपने घरों की छतों पर पड़े हुए बर्तनों व गमलों में पानी न एकत्रित न होने दें।



निगम पार्षद अमित नागपाल को जन्मदिन की बधाई देते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल और राघव कंसल व अन्य।

## सीता स्वयंवर और अहिरावण वध की लीला आकर्षण का होगी मुख्य केंद्र: अशोक गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** रामलीला कमेटी अशोक विहार फेस-2 के अध्यक्ष अशोक गर्ग व महामंत्री अनिल यादव ने रामलीला स्थल पर प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि रामलीला का शुभारंभ 15 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 24 अक्टूबर को दशहरा तत्पश्चात महा कवि सम्मेलन के साथ संपन्न होगा। कवि सम्मेलन में हरिओम पवार, सुदीप भोला, गजेंद्र सोलंकी आदि भारत के सुप्रसिद्ध कवि सम्मिलित होंगे। 14 अक्टूबर 2023 रामलीला शुभारंभ के पूर्व संध्या पर डांडिया नृत्य का आयोजन



किया जाएगा। डांडिया नृत्य इंडियन आइडल फेम मोहित चोपड़ा व अन्य सुप्रसिद्ध कलाकारों के नेतृत्व में संपन्न होगा। रामलीला का मंच श्री राम मंदिर की तरह व प्रवेश द्वारों को भारत सरकार के कार्यों से सजाया जाएगा। रामलीला का मंचन निपुण कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। सीता स्वयंवर व अहिरावण वध की लीला आकर्षण का केंद्र होगा। नदी, झरना, वन ,पहाड़ आदि का प्राकृतिक दृश्य मनमोहक होगें। युद्ध व आकाशीय लीला को लेजर लाइटिंग के माध्यम से रोचक बनाया जाएगा। एलइडी स्क्रीन तकनीकी से महल, भवन आदि के दृश्य दर्शकों को आकर्षित करेंगे।

## त्रीनगर: राजनीति मेरे लिए सेवा का सरल मार्ग: मुकेश गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/महेंद्र सिंह**
**राजनीति में** लोग यह सोच कर आते हैं कि राजनीति में कम समय में ज्यादा पैसा कमाया जा सके, इसलिए लोग राजनीति को कीचड़ भी बोलने से गुरेज नहीं करते हैं। लेकिन यह बात भी सत्य हैं कि कुछ चुनिंदा नेताओं की वजह से राजनीति बदनाम हो गई हैं, लेकिन सभी राजनेता एक समान नहीं होते हैं। इसी बीच आज हम आपको एक ऐसी शख्सियत से मिलवाने जा रहें हैं, जो किसी नाम के मोहताज नहीं हैं। यहां पर हम बात कर रहें हैं त्रीनगर विधानसभा के अंतगर्त आने वाले वार्ड नंबर-63 से भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी की।

**1991 में आया था राजनीति में:** मुकेश गांधी ने बताया कि मै राजनीति में साल 1991 में आया था और दो साल बिना पद के काम करने के बाद पार्टी ने मुझे युवा मोर्चा का मंडल महामंत्री बनाया। फिर उसके बाद साल 1993 में शहरीकृत ग्रामीण प्रकोष्ठ में दिल्ली प्रदेश मंत्री बना और सन 2000 से 2004 तक केशव पुरम जिला से युवा मोर्चा में जिलाध्यक्ष चुना गया। तो वहीं 2004 से 2009 तक युवा मोर्चा में प्रदेश कोषाध्यक्ष बना, उसके बाद 2013 से 2017 दो बार जिला उपाध्यक्ष चुना गया।

तो वहीं गांधी ने बताया कि 2018 से 2020 तक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनने के बाद साल 2020 से 2023 तक वार्ड-63 से मंडल अध्यक्ष के रूप में पार्टी में निःस्वार्थ भाव से काम किया।

**राजनीति मेरे लिए सेवा का सरल मार्ग हैं:** जब मुकेश गांधी से सवाल किया गया कि आप राजनीति में क्यों आए तो उस पर उन्होंने जवाब दिया कि राजनीति मेरे लिए समाज सेवा का सबसे सरल रास्ता हैं और मोदी जी व पार्टी कि विचारधारा भी जनसेवा का ही आधार हैं। मेरे पिता स्वर्गीय कश्मीरी लाल



**मुकेश गांधी ने कहा**

**8 पहले राजनीति में किसी भी पार्टी का छोटा कार्यकर्ता भी बड़ी ही शिद्दत से काम करता था अपने क्षेत्रों के सभी तबके के लोगों से जुड़ा होता था: गांधी**

गांधी भी समाजसेवी थे, जोकि नि-स्वार्थ भाव से लोगों कि सेवा में जूटे रहते थे। इतना ही नहीं मेरे पिता 25 जून 1975 में आपातकालीन में जेल गए थे। वहीं साल 2007 में दिल्ली में चल रही सीलिंग के विरोध में सांसद हर्षवर्धन के नेतृत्व में जेल भरो आंदोलन में विधायक जय भगवान अग्रवाल के साथ में भी जेल गया था।

**पहले कि राजनीति और अबकी राजनीति में बहुत अंतर:** मुकेश गांधी से सवाल पूछा कि पहले कि राजनीति और अबकी राजनीति में कितना बदलाव आया हैं, तो उस पर मुकेश गांधी ने बताया कि पहले राजनीति में किसी भी पार्टी का छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी बड़ी ही शिद्दत से काम करता था व अपने क्षेत्रों के सभी तबके के लोगों से जमीनी स्तर से जुड़ा होता था। लेकिन अभी कि राजनीति में कार्यकर्ता कम समय में बिना मेहनत के ज्यादा हासिल करना चाहता हैं। मुकेश गांधी ने बताया कि पार्टी में मेहनती कार्यकर्ताओं को कभी भी नज़र अंदाज नही किया जाता हैं। मुकेश गांधी से सवाल किया गया कि आपकी नज़र में नेता कैसा होना चाहिए, तो इस पर उन्होंने बताया कि एक सच्चे नेता कि पहचान होती हैं उसके आचरण से उसकी सादगी से, व जनता का हितैषी होने के साथ-साथ निःस्वार्थ भाव से जनता कि सेवा करने का जज्बा रखता हो। मेरी नज़र में जिसमें यह सभी गुण हो वही अच्छा और सच्चा नेता है।

## रानी बाग: केजरीवाल के सारे दावे खोखले सबित हो रहे हैं: सुरेश नागपाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र स्थित रानी बाग में रहने वाले व वार्ड-60 से मंडल अध्यक्ष सुरेश बंसल ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने बस आम लोगों के साथ छलावा किया हैं। जनता से जो वादे केजरीवाल ने किए थे, वह सारे दावे खोखले साबित हो रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली में कागजों में तो विकास हो रहा है, लेकिन धरातल पर विकास नहीं



हो रहा है, जिसके चलते लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही है और जनता परेशान हो रही है। दिल्ली के अधिकांश इलाके में दिल्ली जल बोर्ड का पानी नहीं आ रहा हैं, जिसके चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा हैं, वहीं अगर किसी इलाके में पानी आ भी रहा हैं तो वह इतना दूषित व बदबूदार आ रहा हैं जिससे पीना तो दूर कि बात हैं, नहाना भी मुश्किल हैं।

## बुनकर कॉलोनी: भारतीय जनता पार्टी वादे की पक्की है: महेन्द्र तोमर



**नई दिल्ली।** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता महेन्द्र तोमर ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी वादे की पक्की है, जो वादे भारतीय जनता पार्टी ने जनता से किये थे, वह पूरे करके दिखाये है, आज भाजपा के कार्यों से देश की जनता काफी ज्यादा प्रभावित है। पीएम मोदी के कार्यों से देश की जनता काफी ज्यादा प्रसन्न है।

## अशोक विहार: भारतीय संस्कृति की पहचान करवाना ही हमारी रामलीला का उदेश्य: नागपाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अशोक** विहार रामलीला कमेटी फेज-1 के पदाधिकारियों द्वारा बताया कि अशोक विहार फेज-4 स्थित मेजर ध्यानचंद स्टेडियम के नजदीक रामलीला मैदान के प्रांगण में भव्य लीला के मंचन के लिए विशाल मंच बनाया गया है। लीला का मंचन निरतंर चलता रहे इसके लिए तीन स्टेज बनाएं गये है। नई तकनीक को अपनाते हुए कम्प्यूटराईज्ड लाईट व साउंड का इस्तेमाल किया गया है।

हनुमान जी आकाश में उड़ते हुए देखने का दृश्य रोमांचकारी रहेगा। अग्नि तीन की चिनगारियां युद्ध के समय आकर्षण का केन्द्र रहेगा। जंगल में पक्षी की चहचाहट, बरसात, समुद्र, आकाशलोक से पुष्प-वर्षा करती हुए अप्सराएं, कोहरे का दृश्य व प्राकृतिक सौन्दर्यता का चित्रण देखकर दर्शक




मंत्रमुग्ध हो जायेगें। पदाधिकारियों ने बताया कि मंच का दक्षिण भारतीय मंदिरों का रूप दिया गया है। जिसे मथुरा के कलाकारों द्वारा सुज्जित किया गया है। रामायण, महाभारत और हर-हर महादेव जैसे चर्चित टीवी सीरियलों के द्वश्यों का लीला मंचन में दिखाने का प्रयास किया गया है।

इसके अतिरिक्त कलाकारों के डॉयलाग, कॉलर माईक एंव उनकी वेश-भूषा भी काफी आकर्षण होगी। रामलीला प्रांगण को प्रतिदिन फूलों एवं अगरबत्तियों से सुगंधित किया जायेगा। अशोक विहार रामलीला कमेटी फेज-1 में कई ऐसे कलाकार है, जिन्हें लीला मंचन करते हुए 20-25 वर्ष हो गए है। इस बार भी वे पूरी तैयारी के साथ अपने अभिनय द्वारा दर्शको का मनोरजन करेंगे।

लीला के मंचन में हिन्दू संस्कृति एवं भारत की धार्मिक परंपरा के साथ-साथ रामचरित मानस की चौपाईयों का चित्रण व वर्णन भी रहेगा। उन्होंने आगे बताया कि लीला स्थल पर जनक बाजार लगाया गया है, जिसमें पुरानी दिल्ली की मशहूर चाट, गोलगप्पे, आलू की टिक्की, छोले-भटूरे, कुल्फी, सरसों का साग व मक्की की रोटी के अतिरिक्त हरियाणवी व राजस्थानी स्वादिष्ट व्यंजनों का दर्शक भरपूर लुफ्त उठायेगें। बच्चों के लिए कई प्रकार के झूलों के साथ-साथ पार्किंग की भी समुचित व्यवस्था की गई है।

रामलीला मंचन के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति के लिए प्रचार-प्रसार पर भी विशेष ध्यान दिया जायेगा। इस मौके पर रामलीला के प्रधान ललित गर्ग, कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल, संगठन मंत्री विमल प्रकाश, मंच संयोजक रत्ना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रमोद कोहली, मंच संयोजक चन्द्र बलवानी, चेयरमैन अनिल गुप्ता, शोभा यात्रा अध्यक्ष अर्जुन गोयल, प्रेरक अशोक गुप्ता, राज अग्रवाल, पवन गोयल मौजूद रहे।

# नेत्रबाधित लोगों को एकीकृत शिक्षा मॉडल के अंतर्गत सुविधाएं दे रही है सरकार




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गुरुवार को नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाईण्ड द्वारा 12 से 14 अक्तूबर तक आयोजित तीन दिवसीय आठवें राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभांरभ किया। उन्होंने भारत के सभी राज्यों से आए प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि इस अधिवेशन में हरियाणा राज्य के अलावा भारत के सभी प्रांतों से आए इकान्नवे प्रतिनिधिगण भाग ले रहे हैं। हरियाणा राज्य आप सबका स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि इस अधिवेशन के आयोजन का मुख्य लक्ष्य दृष्टि बाधित समाज को चहुँमुखी विकास की दिशा में आगे बढ़ाना तथा विश्व में हो रहे नवीनतम डिजिटल विकास (छंडी२३ ींइ' िी५ी'ङ्क्ष्त्रील्ल३) तथा नवीनतम कानूनों के प्रावधनों की जानकारी से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि सेमिनार का उद्देश्य भारत सरकार द्वारा लागू दिव्यांग प्रतिभा निखार योजना, शिक्षण पद्धति में सुधार, प्रशिक्षण से स्व-रोजगार प्रेरणा आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करना है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने नेत्रबाधित लोगों के लिए पेंशन योजना, उच्चतर शिक्षा में सीट आरक्षित करना, छात्रवृति प्रदान करना, रोजगार में आरंक्षण प्रदान करने और एकीकृत शिक्षा मॉडल को अपनाया है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष सभी जिलों में विशेष शिक्षक भर्ती करने के लिए अनुबंध करना, जिससे दृष्टि बाधित बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में सहयोग मिलता है। भारत सरकार द्वारा दृष्टि बाधित लोगों को रेल यात्रा के किराए में रियायत प्रदान की जाती है और वर्तमान में हवाई यात्रा में एयर इंडिया की तरफ से किराए में भी पचास प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। हरियाणा सरकार ने नेत्रबाधित लोगों के लिए रोहतक, हिसार और पंचकूला में आईबैंक तथा सभी जिलों में नेत्रदान केन्द्र स्थापित किए हुए हैं। इसके साथ ही निजी क्षेत्र में नौ आईबैंक, तीन नेत्रदान केन्द्र तथा उन्नीस सीटीसी द्वारा सेवाएं दी जा रही हैं। हरियाणा में नेत्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए डी१३ङ्क्ष्स्र'२३८ (उङ्क१ल्लीं' ळ१ल्ल२स्त्र'ल्ल३३ङ्कल्ल) पर पंद्रह हजार रूपए तक की सहायता का प्रावधान है। उन्होंने कहा इस तीन दिवसीय अधिवेशन के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए संस्था को 25 लख रुपए देने की घोषणा भी की।

**रियायत**

**8 भारत सरकार द्वारा दृष्टि बाधित लोगों को रेल यात्रा के किराए में रियायत प्रदान की जाती है**

उद्घाटन सत्र में राज्यपाल महोदय ने कई सामाजिक कार्यकताओं, भारतीय नेब के अध्यक्ष हेमंत टकले, सचिव विमल डेंगला को अवार्ड देकर सम्मान किया । उन्होंने इस हो रहे अधिवेशन के सफलता की शुभ कामनाएं प्रेषित की।

उन्होंने बताया हरियाणा सरकार ने भी दृष्टिबाधित लोगों के लिए पैंशन शुरू की गई है । ल्ढॉ१ एर्ढ्रि३ङ्कल्ल में सीट आरक्षित हैं और छात्रवृत्ति भी मिलती है, उन्होंने कहा कि रोजगार में एक प्रतिशत कोटा निश्चय किया हुआ है। क्ल्ल३ी-'१ी३ी एर्ढ्रि३ङ्कल्ल टङ्की' में प्रतिवर्ष हरियाणा सरकार से सभी जिलों में विशेष शिक्षक भर्ति करने के लिए अनुबंध होता है जिससे दृष्टि बाधित बच्चों को शिक्षा में सहयोग मिलता है। वहीं नेब के अध्यक्ष अजीत पटवा ने कहा कि इस अधिवेशन का उद्देश्य है कि दृष्टि बाधित समाज को विश्व में हो रहे तकनीकी डेवलपमेंट का उपयोग शिक्षा, प्रशिक्षण और दैनिक जीवन में कैसे किया जाए, इन सब की जानकारी देना है। साथ में सरकारी योजना के बारे में और संबंधित कानूनी नियमों की जानकारी देना है। उन्होंने बताया कि यह अधिवेशन 13 और 14 अक्टूबर 2023 को सेक्टर 16 स्थित किसान भवन पर हो रहा है । कार्यक्रम के दौरान बड़खल विधान सभा क्षेत्र की विधायिका सीमा त्रिखा ने महामहिम राज्यपाल का फरीदाबाद जनता द्वारा अभिवादन ज्ञापित करते हुए कहा कि नेब दृष्टि बाधित लोगों के लिए कई हितकारी सेवाएं चलाती है। उन्होंने कहा कि इसके अध्यक्ष श्री पटवा इस शहर के जाने माने समाज सेवी हैं। इससे पूर्व नेब के महासचिव हेम सिंह यादव ने नेब में चल रही योजनाओं के बारे में बताया और विशेष रूप से बताया कि नेब में चल रहे केवल प्रेम आंखो का अस्पताल में मोतियाबिंद के ऑपरेशन बिलकुल मुफ्त किए जाते हैं। नेब इण्डिया के सचिव विमल डेंगला ने पूरे भारत में नेब राज्य शाखाओं के कार्यों का संक्षेप में ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर हरिंदर मलिक, एस एन त्यागी, आशुतोष गर्ग, एडीसी आनन्द शर्मा, हरियाणा रैडक्रास सोसायटी की वाइस प्रेसिडेंट सुषमा गुप्ता, रैडक्रास के सचिव बिजेन्द्र सरोत, मनोज यादव, सुखबीर चंदेला, मनोज कादयान, वीनू माथुर, प्रेम लता पटवा, अभिषेक गिरधर, उमेश अरोड़ा, वीरेन्द्र प्रताप, डॉक्टर सुमंत गुप्ता, रिया भाटिया, गजेन्द्र कालरा, कपिल मलिक, ब्रिज लाल खरबंदा, अतुल बंसल, प्रोमिल जैन, रोबिन त्यागी, योगेश मलहोत्रा, गौरव कांत, देवेंद्र होलकर, प्रमोद सचदेवा आदि उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त खबरें

### राजन मुथरेजा टीम ने दी भाजपा जिलाध्ययक्ष गोपाल शर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** भारतीय जनता पार्टी के कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा आज अपनी टीम के साथ सेक्टर-15 स्थित भाजपा जिला कार्यालय पुहंचे और वहां उन्होनें भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा को जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर राजन मुथरेजा ने अन्य युवा साथियों के साथ मिलकर गोपाल शर्मा को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और उनके शुभ हाथों से केक कटवाकर उन्हें जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राजन मुथरेजा ने ईश्वर से उनकी लम्बी आयु की कामना करते हुए कहा कि गोपाल शर्मा जी की सादगी,भोलेपन और व्यवहार का हर कोई कायल है। उन्होनें कहा कि वह सभी को साथ लेकर चलते है और छोटे से छोटे कार्यकर्ता को भी पूरा मान सम्मान देते है। इस अवसर पर गोपाल शर्मा ने कहा आप सभी का प्यार देखकर मुझे सुख की अनुभूति हो रही है। उन्होनें कहा कि आप सभी मेरा परिवार हो और आपको देखकर ही मुझे ताकत मिलती है। गोपाल शर्मा ने कहा के कि आज के इस दिन को यादगार बनाने के लिए में सभी का और खासतौर पर राजन मुथरेजा का तहे दिल से आभार व धन्यवाद प्रकट करता हुं। इस मौके पर राधेश्याम गांधी,सुदेश भाटिया,जगदीश भाटिया,सोनू गांधी,विजय कालरा,गोविन्द माटा,तरूण शर्मा,विजय काला,कमल सचदेवा,तरूण सचदेवा,विक्रांत भाटिया,संजय शर्मा पीके,सुनील भाटिया,दुष्यंत भाटिया,अवश्वनी भाटिया,जतिन गांधी,यश नरूला,चन्दरमोहन,बन्नू बिरादरी से रमेश भाटिया,सचिन कपूर,गोविन्द भाटिया, राजू गुलाटी सहित कई लोग मौजूद थे।

### घर से लापता 28 वर्षीय महिला को पुलिस चौकी सेक्टर-21 डी की टीम ने बरामद कर किया परिजनों के हवाले।



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना एनआईटी की टीम पुलिस चौकी सेक्टर-21डी की टीम के द्वारा घर से लापता हुई महिला को तलाश करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि महिला अपने घर से बिना बताए 09 अक्टूबर को चली गई थी। जिसको परिजनों के द्वारा काफी तलाश किया गया था। महिला के नही मिलने पर पुलिस चौकी सेक्टर-21 डी को सूचना दी गई। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी प्रभारी ढरक नीरज कुमार ने थाना एनआईटी में मामला दर्ज कर महिला की तलाशी के लिए एक टीम नियुक्त की। पुलिस टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से ओल्ड रेलवे स्टेशन से महिला को बरामद किया है। थी। महिला से पूछताछ में सामने आया कि महिला गृह क्लेश के कारण बिना बताए घर से निकल गई थी। महिला हरिद्वार औ? राजस्थान में घूमने चली गई। महिला के लीगल एडवाइजर और माननीय अदालत के ब्यान कराने के बाद परिजनो के हवाले किया है।

### कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने सुनी लोगों की समस्याएं

**कहा, लोगों की मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के सरकार हर सम्भव प्रयास कर रही है**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा के परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज शुक्रवार को सैक्टर-8 अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने समस्याओं के समाधान के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियो को फोन पर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के सरकार हर सम्भव प्रयास कर रही है।

वहीं बल्लभगढ़ मोहना रोड यादव कॉलोनी स्थित पूर्व विधायक श्री राजेंद्र सिंह बीसला के कार्यालय पर 20 से 29 अक्टूबर तक होने वाली राम कथा के लिए पूर्व विधायक श्री बीसला ने परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा को निमंत्रण पत्र भी सौंपा।

## जींद : हत्या करने के जुर्म में उम्र कैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
एडीजे नेहा नौरिया की अदालत ने छोटे भाई की कुल्हाड़ी से गर्दन काट हत्या करने के जुर्म में दोषी बड़े भाई को शुक्रवार को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा अदालत ने दोषी को 30 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना न भरने की सूरत में दोषी को दो साल की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव संडील निवासी बिमला ने 15 जनवरी 2021 को पुलिस दी शिकायत में बताया था कि बड़ा भाई महिपाल तथा छोटा भाई कुलदीप गांव मे साथ रहते थे। दोनों शराब पीने के आदी हैं।

## शहर की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को ढीले में न लेकर समय पर पूरा करें: ढेसी

**समीक्षा बैठक**

**8 फरीदाबाद के मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के प्रधान सलाहकार (शहरी विकास) डीएस ढेसी ने कहा कि शहर में जितनी भी बड़ी विकास योजनाएं चल रही हैं वह महत्वपूर्ण हैं और आमजन से जुड़ी हुई हैं। ऐसे में सभी विभाग इनको समय पर पूरा करें और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य के लिए सख्ती से काम लें ताकि किसी भी कार्य को पूरा करने में कोई दिक्कत न आए। श्री ढेसी शुक्रवार को लघु सचिवालय में जिला फरीदाबाद की विभिन्न विभागों की 25 करोड़ रुपये या उससे उपर की विकास परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उनके साथ विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक, एचएसवीपी की प्रशासक डा. गरिमा मित्तल, उपायुक्त विक्रम सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। मीटिंग में उन्होंने कहा कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने फरीदाबाद शहर के विकास को गति देने के लिए वर्ष 2023-24 के लिए कुल 878 .23 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी है। इसमें वर्ष 2031 की जनसंख्या को देखते हुए बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए विभिन्न परियोजनाओं को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने जितनी भी योजनाओं को मंजूरी दी हैं और जो भी विकास योजनाएं चल रही हैं उन सभी को समय पर पूरा करें। उन्होंने क्रमशः एफएमडीए, नगर निगम, एचएसवीपी, स्मार्ट सिटी, एचएसवीपी सहित सभी विभागों की योजनाओं की क्रमशः समीक्षा की।

फरीदाबाद शहर के नवीनीकरण के क्रियान्वयन के लिए यह की समीक्षामीटिंग में वर्ल्ड स्ट्रीट के पास अमोलिक चौक से डीपीएस चौक तक 75 मीटर परिधि की सड़क की विशेष मरम्मत, जल आपूर्ति योजना का विस्तार, मास्टर सीवरेज योजना फ?ीदाबाद (ग्राम बादशाहपुर), 08 अदद विकेन्द्रीकृत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कर अपशिष्ट जल का उपचार, इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मॉडल पर, 03 अतिरिक्त रोड, पुलिस लाइन रोड, ओल्ड शेरशाह सूरी रोड और लिंक रोड का विकास, बडखल झील का मरीना विकास, सड़क का चौड़ीकरण और फुटपाथ का निर्माण, बोध विहार से आईटीआई, आईटीआई से नीलम चौक, नीलम चौक से हार्डवेयर चौक, बोध विहार से हार्डवेयर चौक, राजा नाहर सिंह क्रिकेट स्टेडियम का आधुनिकीकरण निर्माण, नगर निगम कार्यालय भवन निर्माण, ओल्ड फरीदाबाद में सिविल डिस्पेंसरी का 30 बिस्तरों वाले अस्पताल के लिए अपग्रेडेशन सहित कई विकास कार्यों पर चर्चा की गई। मीटिंग में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे, जेवर एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई।

## पं0 जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में कैरियर डेवलपमेंट पर सेमिनार का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** आज दिनांक 13/10/2023 को पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद के प्लेसमेंट सेल द्वारा कैरियर डेवलपमेंट विषय के संबंध में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मैजिक बस फाउंडेशन नामक सामाजिक संगठन की टीम तथा उनके वक्ताओं ने छात्रों को संबोधित किया और कैरियर निर्माण के विभिन्न पहलुओं से छात्रों का परिचय कराया । उन्होंने आगामी दिनों में महाविद्यालय में कराए जाने वाले कैरियर निर्माण वर्कशॉप के विषय में भी जानकारी दी । इस अवसर पर महाविद्यालय की वाइस प्रिंसिपल डॉक्टर सबीना सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और इस वर्कशॉप में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया ।

इस मौके पर साइकोलॉजी विभाग अध्यक्ष डॉ प्रोमिला काजल, मैथमेटिक्स विभाग अध्यक्ष डॉ कमल गोयल, एवं प्लेसमेंट सेल के संयोजक ललित कुमार तथा प्लेसमेंट सेल के सदस्य डॉ गिरिराज और अशोक अहलावत मौजूद रहे।

## कैथल में नप के उपचुनाव 5 नवंबर को

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
हरियाणा के कैथल में नगर परिषद के वार्ड नंबर एक और राजौंद नगर पालिका वार्ड नंबर 5 का उपचुनाव आगामी 5 नवंबर को होगा। इसके तहत जिला प्रशासन ने उप-चुनाव के लिए आरओ व एआरओ नियुक्त कर दिए हैं।
कैथल में वार्ड नंबर एक पार्षद की कुछ समय पहले बीमारी से मृत्यु हुई थी। यह जानकारी डीसी प्रशांत पंवार ने दी है।
तय कार्यक्रमों के अनुसार 5 नवंबर को चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि 20 अक्तूबर से 26 अक्तूबर तक (22 व 24 अक्तूबर को छोड़कर) सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन लिए जाएंगे।

## मोबाईल फोन स्नैचिंग करने वाले आरोपी को ट्रैफिक पुलिस की टीम ने किया काबू



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के मार्गदर्शन में ट्रैफिक पुलिस की ड्युटी के साथ और भी कार्य को अनजाम दे रही है। जैसे कि ट्रैफक पॉईट सोहना चौक बल्लबगढ़ ड-7 ने अपने साथी होमगार्ड की मदद से स्नैचिग करने वाले आरोपी को किया काबू।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि काबू किए गए स्नैचर शमशेर बल्लबगढ़ की भगत सिंह कॉलोनी का रहने वाला है। ट्रैफिक पुलिस को महिला ने बताया था कि वह घरों में खाना बनाने का काम करती है। जो शाम को करीब 8.30 बजे अपना काम करके ऑटो से बल्लबगढ़ आ रही थी। बल्लबगढ़ सोहना चौक पर तभी एक अनजान व्यक्ति ने महिला का मोबाईल फोन छिन्न कर लेकर भाग गया था। महिला रोती हुई सोहना चौक बल्लबगढ़ ड्युटी पर तैनात एएसआई अनिल और होमगार्ड दिगम्बर के पास आई। सूचना पर तुरन्त कार्रवाई करते हुए दोनों पुलिसकर्मियो ने मोबाईल फोन स्नैचिंग करने वाले आरोपी को भाग कर 100 फुट रोड पर कुछ दुर जाकर काबू कर लिया था। फोन स्नैचिंग करने वाले व्यक्ति से मोबाईल फोन महिला को दे दिया था। महिला ने फोन पाकर पुलिस टीम का धन्यवाद किया। ट्रैफिक पुलिस ने मोबाईल फोन छिन्ने वाले व्यक्ति को पुलिस चौकी बस स्टैण्ड के हवाले किया। महिला के द्वारा कोई लिखित सूचना पुलिस को नही दी गई और नही महिला पुलिस चौकी बस स्टैण्ड में गई थी। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है। नशे की पूर्ती के लिए वारदात को अनजाम दिया था।

## अवैध हथियार सहित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**धर-पकड़**

**8 आरोपियो से पूछताछ में चोरी के मामले का खुलासा एक अन्य आरोपी गिरफ्तार**




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के द्वारा आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सुरजकुण्ड प्रभारी की टीम पुलिस चौकी अंखिर ने अवैध हथियार और चोरी के मामले में 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में अलीम और आमीर का शामिल है। आरोपी अलीम सेक्टर-48 का तथा आरोपी आमीर एसजीएम नगर का रहने वाला है। पुलिस चौकी अंखिर ईंचार्ज ओमप्रकाश की टीम ने गस्त के दौरान आरोपी अलीम को बडखल फ्लाईओवर के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से बटनदार चाकू बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सुरजकुण्ड में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी बटनदार चाकू को उत्तर प्रदेश के गढ़गंगा किसी अनजान व्यक्ति से 300/-रु में वारदात को अंजाम देने के लिए लाया था।

आरोपी से पूछताछ में एक और चोरी के मामले का खुलासा हुआ जिसमें आरोपी ने अपने साथी के साथ घर में चोरी की वारदात को अनजाम दिया था। जिसमें आरोपी आमीर को बडखल झील के पास से चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है।

आरोपियो से चोरी किया हुआ मोबाईल फोन बरामद किया गया है। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियो को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

## महेन्द्रा गाडी और फोन स्नैचिंग करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराध में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी जगवीर सिंह की टीम ने स्नैचिंग की वारदात के मामले में 3 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में संजय उर्फ गोली, अजय और धर्मेंद्र उर्फ धर्मबीर का नाम शामिल है। आरोपी संजय मूल रुप से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के गांव शिवपुर तथा हाल गांव झाडसेतली सेक्टर-59 बल्लभगढ का आरोपी अजय मूल रुप से पलवल के कैलाश नगर के पास का तथा वर्तमान में बल्लबगढ़ की सुभाष कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी धर्मेंद्र उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के गांव खरोट का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी संजय और अजय को बल्लभगढ अनाज मंडी से गिरफ्तार किया है। आरोपियो से महेंद्र सुपरो (छोटा हाथी) बरामद कर लिया गया है। दोनों आरोपियो को अदालत में पेश कर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपियो ने पूछताछ में बताया कि वीवो मोबाईल फोन को कोसी के धर्मेन्द्र को बेच दिया था। आरोपी धर्मेंद्र को क्राइम ब्रांच टीम ने मथुरा के कोसी से गिरफ्तार किया है। आरोपी से स्नैचिंग के मामले में खरीदा हुआ फोन बरामद कर लिया गया है। आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी संजय उर्फ गोली और अजय पेन्टर का काम करते है। आरोपी धर्मेंद्र फर्निचर का काम करता है। आरपी संजय उर्फ गोली, अजय ने मिलकर मेवलामहाराजपुर ठेके के पास शिकायतकर्ता से महेन्द्रा गाडी और चालक से मोबाईल फोन को रात के समय करीब 12 बजे स्नैचिंग की वारदात को 06 अक्टूबर को अंजाम दिया था। आरोपियो के खिलाफ थाना सेक्टर-31 में स्नैचिंग की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी गाडी को बेचने की फिराक में थे। आरोपी नशा करने के आदि है। नशे की पूर्ती के लिए स्नैचिग की वरादत को अंजाम दिया था। आरोपी अजय पर एक वर्ष 2020 का चोरी का मामला दर्ज है जिसमे आरोपी माननीय अदालत से जमानत पर चल रहा है। पूछताछ के बाद तीनों आरोपियो को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया था।

## प्रोफेसर ज्योति राणा को मिला भारत सेवा रत्न पुरस्कार



**टीम एक्शन इंडिया/ पलवल/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** 13 अक्टूबर (हरपाल सिंह यादव )। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत सेवा रत्न पुरस्कार -2023 से नवाजा गया है। उन्हें यह पुरस्कार शुक्रवार को हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने गुरुग्राम में आयोजित उत्सव फाउंडेशन के समारोह में प्रदान किया। राज्यपाल ने उन्हें प्रशस्तिपत्र एवं अंगवस्त्र भेंट किया। प्रोफेसर ज्योति राणा ने इस पुरस्कार के लिए राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय एवं उत्सव फाउंडेशन के संस्थापक चेयरमैन डॉ. राज नेहरू के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की है। प्रोफेसर ज्योति राणा हार्वर्ड सहित कई वैश्विक शिक्षण संस्थाओं से जुड़ी हैं और शिक्षा के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट योगदान दे रही हैं। इससे पूर्व भी वह कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड हासिल कर चुकी हैं।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 14 अक्टूबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# 'देश में नजीर बनी नकल विहीन परीक्षा'

## सीएम योगी ने मिशन रोजगार के अंतर्गत 219 प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किया

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब तक नए शिक्षकों की नियुक्ति न हो जाए तब तक सेवानिवृत्त शिक्षकों से ही सेवाएं ली जाएं। उन्हें एक फिक्स मानदेय दिया जाए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में माध्यमिक शिक्षा के कॉलेज नकल के अड्डे बन गए थे, जिनमें ठेके पर नकल कराई जाती थी। पिछले छह वर्षों में इसमें सुधार हुआ है। गत वर्ष माध्यमिक शिक्षा परिषद के द्वारा संपन्न हुई हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा देश में एक नजीर बनी है। परिषद ने 15 दिन के अंदर 56 लाख विद्यार्थियों की नकल विहीन परीक्षा कराई और 15 दिन के अंदर ही परिणाम भी दे दिया। सीएम योगी ने शुक्रवार को लोकभवन में मिशन रोजगार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 219 प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य शिक्षण संस्थान की रीढ़ होते हैं। अगर प्रधानाचार्य अनुशासित रहकर कॉलेज में नई गतिविधियों और नवाचारों को बढ़ावा देते हैं तो उसके सार्थक परिणाम सामने आते हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानाचार्यों को विद्यालयों को रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनाकर अभिभावकों से संवाद करना चाहिए। विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ देश-दुनिया और युवा कल्याण एवं महिला कल्याण से जुड़ी सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी देनी चाहिए। इससे विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ-साथ जागरुकता भी आती है और प्रधानाचार्य का कार्यकाल भी यादगार बनता है। सीएम योगी ने कहा कि यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां पिछली सरकारों में सुरक्षा में सेंध लगती थी। प्रदेश के नागरिक अपने आपको सुरक्षित नहीं महसूस कर पाते थे।



### 'एक करोड़ से ज्यादा युवाओं को नौकरी मिलेगी'

**सीएम** योगी ने कहा कि यूपी में अव्यवस्था और अराजकता का वातावरण होता था। दंगे और भ्रष्टाचार यहां की पहचान थे। निवेशक प्रदेश छोड़कर जा रहे थे। हमारी सरकार ने जब सुरक्षित माहौल दिया तो प्रदेश को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 38 लाख करोड़ रुपये का निवेश का प्रस्ताव प्राप्त हुआ। इससे एक करोड़ से ज्यादा युवाओं को नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि विगत छह वर्ष में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हमारी सरकार छह लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी देने में सफल रही है। इसमें 164000 शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का केंद्र है। देश में सबसे ज्यादा आध्यात्मिक पर्यटन यहीं है, जिसमें भारी बढ़ोतरी हुई है। 2017 के पहले तक उत्तर प्रदेश में सिर्फ डेढ़ से दो करोड़ पर्यटक ही आते थे। आज यह संख्या बढ़कर एक वर्ष में 30 करोड़ पर्यटकों की हो चुकी है। प्रदेश में एक पर्यटक के आने से विभिन्न तरह के रोजगार सृजित होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर सामूहिक रूप से प्रयास किए जाएं तो उत्तर प्रदेश देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसके हर क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्ति को अपने स्तर पर कार्य करने होंगे। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश शिक्षा का केंद्र रहा है। आजादी के समय देश के विभिन्न राज्यों में शिक्षकों की आपूर्ति उत्तर प्रदेश करता था। हमें फिर से उस दिशा में प्रयास करते हुए अनुशासित और राष्ट्र भक्त नागरिकों की फौज खड़ी करनी होगी। कार्यक्रम में माध्यमकि शिक्षा की राज्यमंत्री गुलाबो देवी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार, शिक्षा विभागी के अधिकारी और चयनित प्रधानाचार्य मौजूद थे।

**नियुक्ति**

**8 पिछली सरकार में माध्यमिक शिक्षा के कॉलेजों में ठेके पर कराई जाती थी नकल: सीएम योगी**

## भाजपा महंगाई पर बात नहीं करती: अखिलेश



**लखनऊ**

**निषाद क**श्यप समाज की बैठक में अखिलेश यादव ने इस्राइल के मुद्दे पर कहा कि समाजवादी किसी भी तरह के युद्ध के खिलाफ हैं। किसी के भी साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। यह हमारी बहुत पुरानी नीति है। अखिलेश यादव ने कहा कि दोनों डिप्टी सीएम को सीएम काम नहीं करने दे रहे हैं। यही उनका दर्द है जिसे हमने सामने रख दिया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा अगर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक वाकई जनता के सेवक हैं तो उन्हें जनता की सच्चे अर्थों में सेवा करनी चाहिए। अस्पतालों की हालत सुधारनी चाहिए। उन्होंने कहा यह भी देखा जाए कि डिप्टी सीएम अपना ट्विटर हैंडल खुद चलते हैं या कोई और चलाता है। अखिलेश ने कहा कि 2024 आते-आते भाजपा भी जातिगत जनगणना की मांग करेगी। देवरिया की घटना पर देर से कर्रवाई की। अगर मुख्यमंत्री पहले से सतर्क रहते तो यह घटना ही न होती। भाजपा सरकार ही जमीन विवादों के लिए जिम्मेदार है। दोनो डिप्टी सीएम अपराधी को बचाने में लगे है। अब समीक्षा की क्या जरूरत है। अब जनता छह साल की समीक्षा करेगी। 24 घण्टे बिजली नहीं, लेकिन सांड 24 घण्टे घूम रहे हैं। सरकार सड़ा आलू खरीद ले किसानों को लाभ मिलेगा। बीजीपी का पदार्फाश होगा। क्या डिप्टी सीएम गवर्नमेंट सर्वेंट नहीं है, वह सही मायनों में जनता की सेवा करें। मुख्यमंत्री दोनों डिप्टी सीएम को काम नहीं करने दे रहे। यही उनका दुःख है। इस्राइल के मुद्दे पर अखिलेश ने कहा हम लोग वॉर के पक्ष में नहीं है।

**हमला बोला**

**8 दोनों डिप्टी सीएम को सीएम काम नहीं करने दे रहे हैं। यही उनका दर्द है जिसे हमने सामने रख दिया**



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अमेठी में 'सांसद खेल-कूद प्रतियोगिता-2023' के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण करते हुए।

## बलिदानी वीरों को नमन: जम्मू में निकली अमृत कलश यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**

**मेरी** माटी मेरा देश के तहत शुक्रवार को जम्मू शहर में अमृत कलश यात्रा निकाली गई। जम्मू नगर निगम की ओर से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जम्मू शहर के 75 वार्डों से वीर बलिदानियों के घरों से पवित्र मिट्टी और दो चुटकी चावल एकत्रित किए गए हैं। बलिदानियों के घर की मिट्टी और चावल को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बने रहे अमृत वाटिका पहुंचाया जाएगा। कलश यात्रा शहर के महाराजा हरि सिंह पार्क से यात्रा शुरू होकर गुलशन ग्राउंड पुहंचीं। यहां हुए कार्यक्रम में देश की रक्षा के लिए बलिदान हुए वीर सपूतों को नमन किया गया। जम्मू नगर निगम मेयर रजिंद्र शर्मा ने कहा कि जम्मू शहर के शहीदों के परिवारों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि शहीदों को सम्मान देने के मकसद से केंद्र की भाजपा सरकार ने अभियान शुरू किया है जिसके तहत हर एक बलिदानी के गांव की मिट्टी एकत्रित की जा रही है। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत घर-घर जाकर मिट्टी एकत्रित की और आज इसे अमृत कलश यात्रा निकालकर एक जगह एकत्रित किया।

## ऑस्कर में स्वतंत्र प्रविष्टि के तौर पर भेजी जाएगी 'मिशन रानीगंज'

**अक्षय** कुमार स्टारर फिल्म मिशन रानीगंज 6 अक्टूबर को रिलीज होने के बाद बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन इसे अच्छे रिव्यू मिले। फिल्म मिशन रानीगंज के निमार्ताओं ने अब स्वतंत्र रूप से फिल्म को ऑस्कर में भेजने का फैसला लिया है। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि मिशन रानीगंज ऑस्कर में किस श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करेगी। यह फिल्म पश्चिम बंगाल के रानीगंज में एक खदान में फंसे 65 श्रमिकों को सुरक्षित निकालने वाले सरदार जसवन्त सिंह गिल के जीवन पर आधारित है।

## धामी ने जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में की सफारी, सुरक्षा कर्मियों का बढ़ाया हौसला

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में सफारी का लुत्फ उठाया। इस दौरान उन्होंने यहां पर्यटकों से भी बातचीत की।

वाइल्ड लाइफ ड्रेस पहने सीएम धामी ने यहां पर्यटकों से उनके सुझाव भी लिए। रामनगर पहुंचे सीएम धामी ने शुक्रवार को कॉर्बेट पार्क झिरना फॉरेस्ट रेंज में सफारी की। उन्होंने यहां गेट पर ही खड़े पर्यटकों का अभिवादन स्वीकार किया। पार्क के भीतर हिरन, टाइगर देख वह रोमांचित हुए। मुख्यमंत्री ने यहां पर्यटकों के साथ टाइगर पर्यटन की चर्चा की।



सीएम धामी ने यहां हाथियो को भोजन भी खिलाया। उन्होंने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डा धीरज पांडेय के साथ कॉर्बेट टाइगर प्रशासनिक प्रबंध के विषय में भी जानकारी हासिल की और खास तौर पर कॉर्बेट से लगे गांवों के बारे चिंता करते हुए वहां सामुदायिक रोजगार शुरू करने और उनके उत्पादों की मार्केटिंग करने के लिए भी कहा।

## फास्ट न्यूज

### यमुनानगर: सभी मांगों को जल्द पूरा करेंगे: कार्तिकेय शर्मा

**यमुनानगर:** हरियाणा के यमुनानगर के विभिन्न इलाकों में जन संवाद कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा पहुंचे जहां उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान अधिकांश जगह लोगों को खुलकर बोलने का मौका मिला। लोगों ने राज्य सभा सांसद के सामने अपनी समस्याएं रखी। जिस पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए। इनमें से कुछ समस्याओं का तो मौके पर ही समाधान कर दिया गया। जबकि अन्य समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों ने समय मांगा। इस अवसर पर सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि जो समस्याएं आ रही हैं। उनका अधिकारी गंभीरता से दूर करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने उनकी जिम्मेदारी लोगों के बीच में जाकर उनकी समस्याएं सुनने के लिए लगाई है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की समस्याओं का समाधान निकाले। उन्होंने माना कि कुछ समस्याएं ऐसी होती है जिनका तुरंत समाधान नहीं होता लेकिन कोशिश यह रहती है कि जनप्रतिनिधि ज्यादा से ज्यादा लोगों की समस्याएं दूर करें। इस अवसर पर लोगों ने अपने इलाके की गली के निर्माण, पार्क में सफाई व्यवस्था न होने, स्कूल को अपग्रेड करने, स्कूल से हाई टेंशन तारे गुजरने सहित अन्य समस्याएं रखी। जिस पर सांसद के आदेश पर अधिकारियों ने उन्हें दूर करने के लिए समय मांगा। इस अवसर पर यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य यही है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों की समस्याएं सामने आए, उनका समाधान हो। इसी को लेकर सरकार व मुख्यमंत्री गंभीरता से प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर यमुनानगर के मेयर मदन चौहान, सभी विभागों के अधिकारी, बीजेपी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### 'एसवाईएल को लेकर हरियाणा में लड़ी जा रही जुबानी जंग'

**जींद:** जयहिंद सेना के मुखिया नवीन जयहिंद ने कहा कि एसवाईएल के पानी को लेकर जुबानी जंग लड़ी जा रही हैं लेकिन हरियाणा को उसके हिस्से का पानी दिलाने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा है। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि 20 साल से एसवाईएल मामले को इम्पलीमेंट कराने के लिए कहा जा रहा है। ऐसे में अगर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना होगी तो सुप्रीम कोर्ट का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। जयहिंद सेना के मुखिया नवीन जयहिंद शुक्रवार को पुरानी सब्जी मंडी रोड स्थित डेरा जवालमाला में पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जींद जिला को पानी की सबसे ज्यादा जरूरत है। यहां अगर सौ बाल्टी पानी चाहिए तो केवल 60 बाल्टी ही मिल पा रही है। टीडीएस इतना है कि बीमारियां लग रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में साफ कहा है कि एसवाईएल का पानी हरियाणा को मिले। बिना एसवाईएल पानी के हरियाणा प्रदेश की दस लाख एकड़ भूमि बंजर पड़ी है। अगर एसवाईएल का पानी हरियाणा को मिल जाता है तो स्वतः ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि हरियाणा प्रदेश में अन्न के भंडार लग जाएंगे। नवीन जयहिंद ने कहा कि एसवाईएल के नाम पर प्रदेश में केवल राजनीति की जा रही है और हरियाणा प्रदेश के लोगों को मूर्ख बनाने का काम किया जा रहा है।

**बाढ़ का कहर**

### अब तक 91 मौतें; एक्सपर्ट बोले- लहोनक में बहुत पानी, दोबारा बाढ़ आ सकती है

## सिक्किम की बाढ़ में बहकर बंगाल पहुंचे मोर्टार डिफ्यूज किए

**खतरा बरकरार**

**टीम एक्शन इंडिया/गंगटोक**

**सिक्किम में** 3 अक्टूबर को बादल फटने और लहोनक झील टूटने से तीस्ता नदी में भयानक बाढ़ आई थी। इस बाढ़ की चपेट में सेना का बुदरांग डिपो भी आ गया था। बाढ़ के पानी में बहकर पड़ोसी राज्य बंगाल पहुंचे मोर्टार को सेना ने नष्ट कर दिया है। 2 दिन में करीब 36 मोर्टार डिफ्यूज किए गए हैं। क्रांति पुलिस चौकी प्रभारी मंसूरुद्दीन ने कहा कि पुलिस और सेना की टीम ने 16 मोर्टार बरामद किए। इसके बाद उन्हें चेंगमारी में डिफ्यूज कर दिया गया। उधर, विशेषज्ञों ने दावा किया है कि लहोनक झील में अब भी बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। इनका दावा है कि झील के निचले हिस्से में एक और ग्लेशियर झील में विस्फोटक बाढ़ आ सकती है।



**लहोनक झील में अब भी बहुत पानी बाकी :** रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय विज्ञान संस्थान के दिवेचा सेंटर फॉर क्लाइमेट चेंज के ग्लेशियोलॉजिस्ट के मुताबिक बर्फ का एक बड़ा टुकड़ा ग्लेशियर से झील में गिर गया होगा, जिससे लहरें बनीं और बाढ़ आई। इससे मोराइन बांध टूट गया, जिससे ग्लॉब बन गया। 4 अक्टूबर को हुए इस हादसे में लगभग 91 लोग मारे गए और कई अभी भी लापता हैं, लेकिन झील में अभी भी बहुत सारा पानी बचा हुआ है। ग्लेशियोलॉजिस्ट और साइंटिस्ट अनिल कुलकर्णी ने कहा कि खतरा टला नहीं है।

**8 सभी सुविधाओं तक दिव्यांग जनों की पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज लगाया जाएगा**

